हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 17.7 डिग्री

### सिस्टम में अपडेट नहीं, इसलिए खाली जा रही सीट

चार्ट बनने के बाद जब टिकट कैंसिल किया जा रहा है, तो उस यात्री की खाली बर्थ तुरंत ही बुकिंग के लिए अन्य इच्छुक



यात्रियों के लिए शो नहीं हो रही है। रेलवे के सिस्टम में अपडेट नहीं होने के कारण ये बर्थ तब तक नजर नहीं आती, जब तक ट्रेन उस स्टेशन तक न पहुंचे, जहां के यात्री ने टिकट कैंसिल कराया है। इसके साथ ही जब तक टीटीई अपनी हैंडहेल्ड डिवाइस में इस बर्थ को नाट टर्न अप नहीं करेगा, तब तक वह आगे के स्टेशनों पर भी सेकेंड चार्ट में करंट बुकिंग के लिए नजर नहीं आएगी।

### इस तरह यात्रियों को हो रही दिक्कत

उदाहरण के तौर पर हावड़ा से बनकर चलने वाली ट्रेन में रायपुर के यात्री ने मुंबई के लिए रिजर्वेशन कराया। ट्रेन का पहला चार्ट बनने पर यात्री को उसकी बर्थ का नंबर पता चल गया, लेकिन ट्रेन तीन घंटे से अधिक देर से चलने पर उक्त यात्री ने फुल रिफंड का लाभ लेते हुए टिकट कैंसिल करा लिया। अब यही बर्थ किसी दूसरे यात्री को उपलब्ध नहीं होगी, क्योंकि टीटीई के हैंडहेल्ड डिवाइस में पहले चार्ट पर मौजूद यात्री का नाम दर्शाता रहेगा। जब ट्रेन हावड़ा से चलकर रायपुर आ जाएगी, तो यात्री उक्त बर्थ पर आएगा ही नहीं। टीटीई उक्त बर्थ को नाट टर्न अप दर्शाएगा। इसके बाद ये सिस्टम में अपडेट होगा और यदि तब तक गोंदिया या नागपुर स्टेशन पर करंट बुकिंग चालू है, तभी ये बर्थ बुकिंग के लिए शो हो पाएगी।

# ट्रेनों की लेटलतीफी से रोज 100 यात्री रद्द करवा रहे टिकट, खाली सीट सिस्टम में नहीं रहा अपडेट, जरूरतमंद यात्री खा रहे धक्के


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

प्रदेश में ठंड भले ही सामान्य हो चुकी है, लेकिन कोहरा अब भी ट्रेनों की रफ्तार पर ग्रहण बना हुआ है। इस वजह से सुबह और रात को आने वाली औसतन ट्रेन 4 से 5 घंटे विलंब से चल रही है। अत्यधिक विलंब होने की स्थित पर रोजाना बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन का टिकट रद्द कर रहे हैं, लेकिन तकनीकी दिक्कत के कारण जरूरतमंद यात्रियों को बर्थ उपलब्ध नहीं हो पा रही है। यात्रियों की शिकायत पर जब हरिभूमि ने पड़ताल की, तो पता चला महीनेभर से चार्ट ▶▶ शेष पेज 15 पर

## चार्ट बनने के बाद टिकट रद्द करने वाले यात्रियों की सीट करंट बुकिंग के लिए नहीं हो रही उपलब्ध

- ट्रेन की गति पर कोहरे का साया, दर्जन से अधिक ट्रेन 4 से 5 घंटे चल रही देर से
- टीटीई जब तक नाट टर्न अप नहीं करेगा, तब तक सेकेंड चार्ट में करंट बुकिंग नजर नहीं आएगी



### छत्तीसगढ़ और समता हर दिन विलंब से

रेलवे की व्यवस्था के अनुसार किसी भी ट्रेन का पहला चार्ट तैयार होने के बाद खाली बची सीटों को करंट बुकिंग में 10 प्रतिशत कम राशि पर आरक्षण के लिए दर्शाया जाता है। वर्तमान में कोहरे के कारण अमरकंटक, छत्तीसगढ़, समता समेत लंबी दूरी की ट्रेन 4 से 5 घंटे विलंब चल रही है। पहला चार्ट बनने के बाद ट्रेन के रवाना होने से पहले जब यात्रियों को पता चलता है कि गाड़ी घंटों लेट है, तो वे रेलवे के तीन घंटे देर से चलने पर फुल रिफंड मिलने के नियम का लाभ उठाकर रोजाना 80 से 100 यात्री टिकट कैंसिल करा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### राम मंदिर के अध्यक्ष गोयल को भी अयोध्या का आमंत्रण

**रायपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में राजधानी रायपुर के राम मंदिर के अध्यक्ष बृजलाल गोयल



को भी अयोध्या आने का आमंत्रण मिला है। छत्तीसगढ़ के जहां 64 साधु संतों को अयोध्या का आमंत्रण मिला है, वहीं कुछ गिने चुने लोगों को भी वहां का आमंत्रण मिला है। इसी कड़ी में रायपुर के राममंदिर के अध्यक्ष का भी नाम शामिल हो गया है।

### फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 24 लाख 30 हजार की ठगी

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक महिला ने उत्तरप्रदेश के एक कारोबारी के खिलाफ फ्रेंचाइजी देने के नाम पर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवंति विहार




निवासी सुप्रिया खेमका ने गाजियाबाद निवासी विकाश बंसल के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उनका विकाश के साथ एक मार्केटिंग एड के माध्यम से परिचय हुआ। इसके बाद विकाश ने उसे एफटीवी सेलोन की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर ठगी का शिकार बनाया।

### कार दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने एक ऑटो डीलर के खिलाफ कार दिलाने का झांसा देकर दो लाख 85 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक भनपुरी




निवासी के. सूरज ने सिद्धार्थ चौक स्थित अमन ऑटो डील के संचालक अनिल राय के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सूरज ने पुलिस को बताया है कि अनिल ने उसे सस्ती कीमत पर सेकेंड हैंड कार दिलाने का झांसा देकर एडवांस में रुपए लेकर कार नहीं दी है।

### घूर कर देखने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** पंडरी थाने में एक युवक ने तीन लड़के तथा उनके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक अहफाज अहमद ने



सूरज मानिकपुरी, विकाश, सौरव तथा उनके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अहफाज ने पुलिस को बताया है कि क्रिकेट खेलने के दौरान सूरज और उसके साथी उसे घूर कर देख रहे थे। घूर कर देखने से मना करने पर सूरज तथा उसके साथियों ने सूरज के साथ मारपीट की।

नशीला टेबलेट के साथ कफ सीरप सप्लाई करने वाले चेन तक पहुंची पुलिस

# नशे का कॉकटेल यानी खतरा, पुलिस ने सीरप और नशीली गोलियों के सौदागरों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य की राजधानी प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खरीदी-बिक्री करने का हब बन गया है। प्रतिबंधित मादक पदार्थों की चेन को तोड़ने की कोशिश कर रही पुलिस को एक मामले में कामयाबी मिली है। सोमवार को पुलिस ने साढ़े पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत का प्रतिबंधित कफ सीरप बेचने वाले गिरोह के सरगना को महाराष्ट्र तथा नशीली गोलियां बेचने वाले सरगना को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो हजार सात सौ शीशी से ज्यादा कफ सीरप जब्त किया है। यहां यह बताना लाजिमी है कि नशेडियों की वजह से अपराधों में इजाफा हुआ है। कल ही एक नशेड़ी ने गोविंदनगर में तीन लोगों पर चॉपर से हमला कर दिया था। शराब के साथ नशे की गोलिया, गांजा का सेवन खतरनाक कॉकटेल माना जाता है।

मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने बताया है कि स्थानीय तस्कर तथा मेडिकल कारोबारियों को प्रतिबंधित कफ सीरप आपूर्ति करने के आरोप में नागपुर निवासी कमलेश उपाध्याय को गिरफ्तार किया है। इसके साथ नशीला टेबलेट आपूर्ति करने के आरोप में रींवा निवासी रामावतार गुप्ता तथा उसके सहयोगी रायपुर निवासी जसबीर सिंह, रोहित महानंद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कमलेश स्थानीय तस्करों को डिमांड के आधार पर कोडिन नामक कफ सीरप बस के माध्यम से आपूर्ति करता था। पुलिस ने कमलेश तथा रामावतार को नागपुर तथा रींवा जाकर गिरफ्तार किया है।

## पिछले दिनों हुई कार्रवाई के बाद नशीला टेबलेट, कफ सीरप सप्लाई चेन को तोड़ने में पुलिस को मिली कामयाबी

### तीन गुना से ज्यादा कमाई

राज्य में नशीली दवाओं की खरीदी बिक्री बढ़ने का प्रमुख कारण तीन गुना से ज्यादा कमाई है। नशीला टेबलेट के स्ट्रिप में तथा कफ सीरप में जितना प्रिंट रेट रहता है, उस दवा की वास्तविक कीमत एक चौथाई रहती है। नशीली दवाओं का कारोबार कच्चे में होता है। इसके चलते ड्रग विभाग को भी नशीली दवाओं की आपूर्ति के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती।



### पूर्व में पकड़े गए तस्करों के इनपुट के आधार पर गिरफ्तारी

पुलिस अफसर के मुताबिक पांच दिन पूर्व देवेंद्र नगर तथा गंज थाना क्षेत्र में मोहम्मद अहमद, डोमार उर्फ पिंटू के कब्जे से कफ सीरप जब्त किया गया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें नागपुर निवासी कमलेश के माध्यम से कफ सीरप की आपूर्ति होती है। इसके बाद पुलिस ने नागपुर पहुंचकर कमलेश की पतासाजी कर उसे गिरफ्तार कर नागपुर स्थित उसके निवास से कफ सीरप जब्त किया।


### पेशे से मेडिकल कारोबारी

पुलिस के अनुसार प्रतिबंधित कफ सीरप आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार कमलेश पेशे से मेडिकल कारोबारी है। पुलिस के अनुसार कमलेश को पूर्व में महाराष्ट्र पुलिस प्रतिबंधित कफ सीरप बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है। साथ ही महाराष्ट्र में उसका मेडिकल लाइसेंस पूर्व में निरस्त भी हो चुका है। प्रतिबंधित नशीला टेबलेट आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार रामावतार भी पेशे से मेडिकल कारोबारी है। पुलिस ने रामावतार को पूर्व में गुढ़ियारी तथा सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पकड़े गए सलमान शाह के इनपुट के आधार पर पकड़ा है। इसके साथ ही पुलिस ने अन्य दो आरोपी रोहित तथा जसवीर को पकड़ा है, वो दोनों सप्लाई चेन का काम करते थे।

### ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र से नशीली दवाओं की आपूर्ति

गौरतलब है कि प्रदेश के अलग-अलग शहरों में खपाई जाने वाली प्रतिबंधित नशीली दवाओं की आपूर्ति मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र तथा ओडिशा से बड़े पैमाने पर होती है। नशीली दवाओं की आपूर्ति पार्सल के रूप में बस के माध्यम से की जाती है। नशीली दवाओं की आपूर्ति करने वाले लोगों की सप्लाई चेन को तोड़ना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। इसके पूर्व भी पुलिस ने नशीली दवाएं आपूर्ति करने वाले सप्लाई चेन के खिलाफ कार्रवाई की है। बावजूद इसके नशीली दवाओं का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा।

## अभी भी चार डिग्री ज्यादा तापमान, बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरगुजा संभाग में भले की कड़ाके की ठंड पड़ रही है, मगर रायपुर में अभी भी रात का तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा रिकार्ड किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसमें बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान थोड़ा और ऊपर चढ़ने की संभावना बन रही है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अगले दो दिन तक सरगुजा संभाग के कई इलाकों में रात के तापमान में एक से दो डिग्री गिरावट होने की संभावना है मगर रायपुर समेत मध्य इलाके के मौसम में विशेष परिवर्तन होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। यहां रात का पारा 18 डिग्री के आसपास रिकार्ड किया जा रहा है, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस तक अधिक है। मौसम विशेषज्ञ इस बात से अचरज में हैं कि उत्तर को ठंड की चपेट में लेने वाली हवा मध्य इलाके में आने से पहले अपनी दिशा बदल रही है, जिसकी वजह से यहां का तापमान नीचे नहीं लुढ़क पा रहा है। अनुमान जताया जा रहा है कि 19 जनवरी के बाद जब हवा की दिशा में बदलाव होगा, तभी तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है अभी बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। पिछले चौबीस घंटे में बलरामपुर का न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री दर्ज किया गया, मगर रायपुर का पारा 17.7 डिग्री दर्ज किया गया था। अधिकतम तापमान बिलासपुर में दिन का तापमान 27.8, मगर रायपुर का 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# एयरपोर्ट की सवारी पर फिर विवाद ड्राइवर-मालिकों के दो गुट भिड़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मनमाने पार्किंग किराया वसूली के बीच एयरपोर्ट प्रबंधन ने वाहनों की आवाजाही को पांच मिनट फ्री कर दिया है, मगर सवारी को लेकर टैक्सीवालों के बीच होने वाले विवाद को नहीं रोक पा रहा है। रविवार रात इस विवाद पर दो पक्षों के बीच टर्मिनल भवन के सामने ही जमकर मारपीट हो गई। मामला माना थाने तक पहुंचा और विवाद शांत कराने दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

- रविवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट, थाने तक पहुंचा मामला
- टर्मिनल भवन के सामने भीड़, सवारी खींचने पर आए दिन विवाद

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर दूसरे शहरों से आने वाले यात्रियों को उनके गंतव्य तक छोड़ने के लिए टैक्सीवॉर काफी पुराना हो चुका है। इस मामले की शिकायत एयरपोर्ट प्रबंधन से लेकर पुलिस और जिला प्रशासन से की जाती रही, मगर अब तक कड़ा एक्शन नहीं लिए जाने की वजह से मामला शांत नहीं हो पाया है। रविवार रात दस बजे टर्मिलन बिल्डिंग के सामने ▶▶ शेष पेज 15 पर

### सवारी बेचने का आरोप

छत्तीसगढ़ स्वाभिमान युवा टैक्सी मालक चालक कल्याण संघ ने दुरपेश नामदेव, नवतेज धारीवाल, हरविंदर धारीवाल तथा मनोज चौधरी नामक टैक्सी चालकों पर सवारी बेचने का आरोप लगाया है। उनकी शिकायत कुछ समय पहले भी विभिन्न स्तर पर की गई थी। आरोप है कि युवक दूसरे की बुकिंग वाले यात्रियों को जबरिया अन्य टैक्सी चालकों को कमीशन एवज में सौंप रहे हैं। इसी वजह से ओला उबर के अधिकृत टैक्सी चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस शिकायत के बाद भी अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। संघ के अध्यक्ष शिवशंकर राजपूत ने कहा कि संघ ने फैसला लिया है कि सवारी बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ सफेद रंग वाले नंबर प्लेट की टैक्सी को सवारी बिठाने नहीं दिया जाएगा।

### पांच मिनट के बाद देना होगा शुल्क

एयरपोर्ट के नए निदेशक एसडी शर्मा ने बताया कि एयरपोर्ट पर वाहनों की आवाजाही को पांच मिनट के लिए फ्री किया गया है। इसके बाद परिसर में रुकने वाले यात्रियों से निर्धारित अवधि के हिसाब से शुल्क लिया जाएगा। अब तक वाहनों को चार मिनट फ्री पार्किंग की सुविधा होती थी, जिसमें एक मिनट की बढ़ोतरी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पार्किंग संचालक को इस बात की सख्त हिदायत दी गई है कि नियम के मुताबिक वाहनों से शुल्क लिया जाए। विमानतल में फास्टटैग की व्यवस्था भी किए जाने की जानकारी उन्होंने दी। एयरपोर्ट पर पार्किंग के नाम पर मनमानी राशि वसूली की शिकायत किए जाने के बाद प्रबंधन की ओर से नई व्यवस्था लागू की गई है।

### ट्रक आगे-पीछे करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बस्तर निवासी विश्वनाथ साहू ने विकाश तथा राहुल के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। विश्वनाथ ने पुलिस को बताया है कि विकाश और उसका साथी ने उसे ट्रक आगे-पीछे करने के नाम पर विवाद करते हुए मारपीट की।

### फ्री में पतंग नहीं देने पर मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक पतंग कारोबारी ने एक युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पंडरी में पतंग कारोबार करने वाले राजकुमार जेठवानी ने बट्टू निर्मलकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजकुमार ने पुलिस को बताया है कि बट्टू उसकी दुकान में आकर फ्री में पतंग मांग रहा था। पतंग देने से इनकार करने पर बट्टू ने उसके साथ मारपीट की।

*दीक्षा सेल्स एंड मार्केटिंग दुकान की आड़ में संचालक सेजबहार में चला रहा था नकली खाद का कारोबार*

# नकली खाद मामले में दुकान संचालक पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी रायपुर के सेजबहार में दीक्षा सेल्स एंड मार्केटिंग के नाम पर नकली खाद का कारोबार करने वाले लाइसेंसधारी व्यवसायी अमित शर्मा के विरूद्ध आखिरकार कृषि विभाग ने मुजगहन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। हालांकि अब तक उसका लाइसेंस निरस्त नहीं किया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच के लिए लैब भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट अब तक आई नहीं है। इसके कारण लाइसेंस अभी निरस्त नहीं किया गया है। प्रारंभिक जांच में बरामद खाद अमानक प्रतीत हो रहा है, वहीं जिस गोदाम से खाद बरामद किया गया उसे भी संचालक अवैध रूप से चला रहा था। इस वजह से उसके विरूद्ध फिलहाल एफआईआर दर्ज कराई गई है।



नकली खाद का होलसेल धंधा, यूरिया पोटाश और ग्रोमोर के 500 बोरे सीज

### विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर

इस मामले में कृषि विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान पिछले तीन साल से कभी नहीं खुली। दुकान दिन में हमेशा बंद रहती है। लोगों ने दुकान को कभी-कभी देर रात में खुलते जरूर देखा है। उस समय दुकान में गाड़ी से सामान उतारते और चढ़ाते देखा है। इसकी जानकारी जिला ▶▶ शेष पेज 15 पर

### बयान संदिग्ध, एफआईआर दर्ज

नकली खाद पकड़ाए जाने के मामले में संबंधित व्यवसायी से पूछताछ की गई। इसमें उसका बयान संदिग्ध पाया गया, जिसके बाद उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

- राजेंद्र कश्यप, उप संचालक, कृषि विभाग रायपुर

### 3 दिन बाद सफाई देने पहुंचा आरोपी व्यवसायी

कृषि विभाग मुख्यालय के अधिकारी के नेतृत्व में जिला टीम ने 12 जनवरी को ग्राम दतरेंगा में दीक्षा सेल्स एंड मार्केटिंग नाम से संचालित खाद एवं कीटनाशक दवा विक्रेता अमित शर्मा के सेजबहार बस्ती में स्थित गोदाम में छापा मारा था। दुकान से यूरिया, पोटाश एवं ग्रोमोर खाद की 500 से अधिक बोरियां बरामद की गई। इन बोरियों में अमानक एवं नकली खाद भरा पाया गया है। कार्रवाई के दौरान दुकान संचालक मौके पर नहीं मिला। विभाग ने उसके वाट्सअप पर गोदाम में छापा मारा गया है, इसका मैसेज भेजकर उपस्थित होने के लिए कहा गया था, लेकिन इस मैसेज के जवाब में अमित मिश्रा ने भी यह मैसेज भेज दिया कि उसके पिता की तबीयत खराब है और ▶▶ शेष पेज 15 पर

## तेलीबांधा चौक के पास लीकेज मरम्मत, 17 की शाम 9 टंकियों से नहीं आएगा पानी

- 18 की सुबह जलप्रदाय आंशिक रूप से रहेगा प्रभावित
- टनल क्रासिंग के अंदर लीकेज मरम्मत कार्य होगा

**रायपुर।** तेलीबांधा चौक के पास मेन राइजिंग पाइप लाइन लीकेज मरम्मत का कार्य होने से 17 जनवरी को शहर की 9 पानी टंकियों में शाम के समय जल आपूर्ति नहीं होगी। मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद 18 जनवरी को सुबह संबंधित क्षेत्रों में जल प्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। टनल क्रासिंग के अंदर लीकेज मरम्मत कार्य के कारण अमलीडीह, मंडी, मोवा, सड्डू, दलदलसिवनी, कचना और आमासिवनी पानी टंकी के अलावा जोरा की पानी टंकी से जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। राजधानी के ▶▶ शेष पेज 15 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सप्ताह में एक दिन सुनेंगे जनता की फरियाद

**धरसींवा।** नव निर्वाचित धरसींवा विधायक अनुज शर्मा अब प्रति शुक्रवार को सप्ताह में एक दिन जनता की समस्याओं से रूबरू होंगे। जिसके लिए धरसींवा जनपद पंचायत कार्यालय के एक कक्ष को अस्थाई विधायक कार्यालय बनाया गया है। जिसका विधिवत उद्घाटन सोमवार को विधायक अनुज शर्मा ने फीता काटकर किये और कार्यकर्ताओं से मिले। इस अवसर पर धरसींवा भाजपा मंडल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूखमणी शिवारे, युवा मोर्चा अध्यक्ष टीनू कांत वर्मा, महामंत्री पुरुषोत्तम यादव, मिथलेश वर्मा, चुम्मन सिंह चौहान, नत्थू यादव, सरपंच परसतराई हेमन्त वर्मा, कौशल साहू, जनपद सदस्य भूपेंद्र कसार, दिलीप साहू, किरण साहू, प्रमिला पटेल, नेहा साहू, कोमल वर्मा, चंद्रकांत सोनमिरी सहित कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

### अवैध शराब, गांजा व सट्टा पर रोक लगाने की मांग

**अभनपुर।** नगर में अवैध शराब, गांजा व सट्टा पर रोक लगाने की मांग को नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी अभनपुर के ज्ञापन सौंपा। पंचायत के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि नगर सहित अभनपुर क्षेत्र में अवैध शराब व गांजा की बिक्री हो रही है व सट्टा का कारोबार गली मोहल्ले मे खुलेआम चल रहा है बाहर के लोग यहां आकर सट्टा खेलते है वही शराब भी हर मोहल्ले मे 24 घंटे ब्रिकी की जाती है। जिससे नगर में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का आना- जाना रहता है तथा युवा वर्ग इस जाल मे फंसकर बर्बाद हो रहा हैं। एवं चोरी और अन्य घटनाएं भी बढ़ रही है।

**प्राण-प्रतिष्ठा : प्रभात फेरी निकाल आमंत्रण पत्र को किया वितरित**

# रामभक्तों ने ग्राम समोदा में किया 22 को दीपोत्सव मनाने का आव्हान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पंचायत समोदा में श्रीराम जी के प्राण–प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु प्रातः प्रभात फेरी एवं आमंत्रण पत्र वितरण के अवसर पर बडी संख्या में नगरवासी शामिल हो रहे है। साथ ही नगरवासियों को 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का आव्हान कर रहे है। इस अवसर पर दीपक साहू, महेश पाल, डॉ. अलख साहू, मदन चक्रधारी, डेरहा सोनी, गंगाराम निषाद, रेवा पाल, गंभीर पाडे, गुलजारी पाडे, कुलेश्वर पाड़े रामबाबू वैष्णव, सुकलु पाड़े, पंचराम पाड़े, विशेलाल साहू, मोहित साहू शामिल हुए।

### रामभक्त जयकारों के साथ निकाल रहे प्रभात फेरी



**आरंग।** ग्राम बनचरौदा व गौरभाट में अयोध्या में भगवान प्रभु श्री रामचन्द्र जी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उत्सव में प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में माता, बहन, बुजुर्ग, युवा साथी शामिल हो रहे है। रामभक्त प्रातः गांव के हर गली–मोहल्ले में प्रभु श्री राम जी की गीत–संगीत गाते व ढोलक बजाते जयकारों के साथ भ्रमण करते हैं। ग्राम बनचरौदा सरपंच कृष्णकुमार साहू ने समस्त नागरिकों को भगवान श्री राम चंद्र जी की प्रभात फेरी में अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।



### खंडवा में भव्य अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई

**अभनपुर।** नवा रायपुर के ग्राम खंडवा में 22 को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री रामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा के तहत भव्य अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई। राम जानकी मंदिर मे विधिवत पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ जिसमे गांव की महिलाये, युवतियां बड़ी संख्या में कलश लेकर गांव के विभिन्न चौक चौराहो मे भ्रमण करते राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा मे शामिल होने की अपील की। इस दौरान हरिशंकर मिश्रा, संजय मिश्रा, येशराम यादव, भीखम वर्मा, नंदलाल वर्मा,अवध यादव,तुलसी यादव, उमा मिश्रा, गीता यादव, सरोजनी ,संगीता वर्मा, हरिलाल पटेल, ईश्वरी, गौरव, कोमल, कमलेश, गप्पू वर्मा, जितेंद्र,नरेंद्र, रामकुमार, अजय साहू, गुलशन नेताम, भानु, गौरव वर्मा, गोलू, लक्की यादव, भागवत, बलराम, उमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## राम मंदिर अभियान का ग्राम बैहार में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम बैहार में राम मंदिर निर्माण से जुड़े अभियानों मे राम जानकी रथ यात्र, राम पादुका पूजन, शिला पूजन जैसी पावन यात्राओं का ही असर है की गांव व शहर के गली–मोहल्लों में सुबह–सुबह पुरुष, बालिका, महिला, बुजुर्ग, नौजवान सभी मानस मंडली के साथ संगीतमय भजन एवं श्रीराम के जयकारों की आवाज से पूरा गांव गुंजायमान हो जाता है।

22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उद्घाटन पर बैहारवासियों ने लगातार सुबह प्रभात फेरी निकालकर भगवान श्रीराम के भजन, रामायण की चौपाईया गाते हुए लोगों को धर्म से जुड़े श्रद्धाभाव भक्ति संकल्प के साथ मनाने हर ग्रामवासी तैयार है। श्रीराम मंदिर समिति के सदस्य नारायण साहू, दयाराम साहू, खम्मन साहू, तोषण साहू, बल्लू नारायन साहू, नंदकुमार गुप्ता, हूमन यादव ने घर–घर जाकर अयोध्या धाम से पहुंचे चांवल एवं आमंत्रण पत्र को वितरण कर भगवान राम के प्रति आस्था प्रेम भाव भक्ति जागरण मे योगदान दे रहे है।

त्रिमूर्ति मानस मंडली के व्याख्याकार आध्यमिक धार्मिक सामाजिक संगठन से जुड़े हीरालाल साहू ने कहा कि राम का नाम भव बंधन से मुक्त कराने वाला मंत्र है जिसे जपने से मानव जीवन का कल्याण होता है। श्री राम मंदिर सेवा समिति बैहार लगातार लोगों के बीच बैठकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान कर रहे है।

## क्रिकेट स्पर्धा में बेमता की टीम ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

ग्राम सरोरा में साहू समाज एवं प्रभवे युवा संगठन के द्वारा ग्रामीण साहू समाज सरोरा परिक्षेत्र साहू संघ लखना एवं तहसील साहू तिल्दा के सहयोग से द्वितीय वर्ष सामाजिक क्रिकेट के उद्घाटन मैच सरोरा व बेमता के बीच खेला गया। जिसमें बेमता की टीम विजेता रहे। मैच प्रारंभ करने से पहले समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की पूजा अर्चना करने के पश्चात गांव के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक जनों का पुष्प हार, चंदन से स्वागत कर मैच प्रारंभ किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय जनपद सदस्य रेख राम देवांगन, तहसील साहू के युवा अध्यक्ष योगेंद्र साहू, ग्रामीण साहू समाज के संरक्षक शोभाराम साहू, अध्यक्ष झड़ी राम साहू, सचिव हरीश साहू, लखना परिक्षेत्र के अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, तरुण साहू, रामेश्वर साहू, महेंद्र साहू, दुर्गेश साहू, रूपनारायण साहू, युगल किशोर साहू, लोकेश साहू, शरद ठाकुर, लेखराज शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए।

## लूट के 2 आरोपियों का निकाला गया जुलूस 1 की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तीन दोस्त संजय साहू, यस निषाद, विनोद पाल एक राय होकर ग्राम नकटी कुम्हारी निवासी प्रेम लाल वर्मा के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिए। ग्राम पंचायत कोटा पुल के पास रात्रि 9:30 बजे तीनों युवकों ने रास्ता रोककर लूट की घटना को अंजाम दिया। प्रार्थी प्रेम लाल वर्मा अपने घर से ड्यूटी के लिए सरोरा प्लांट जा रहा था तभी तीनों लड़कों ने मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया। तीन में से दो युवकों संजय साहू, यस निषाद नेवरा निवासी को तिल्दा नेवरा पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना से व्यवहार न्यायलय तक आरोपियों का जुलूस निकाला गया। साथ ही फरार आरोपी विनोद पाल की खोजबीन जारी है।

## लखोली में लोरिक चंदा नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



विवेकानंद जयंती के अवसर पर सेवा समिति और विवेकानन्द विद्या मंदिर लखोली के संयुक्त तत्वाधान में विवेकानंद जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्वामी विवेकानन्द की शोभा यात्र निकाली गई। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचारों को रखा गया। वहीं संध्या विवेकानन्द विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं लोरिक चंदा ग्राम देऊरगांव जिला बेमेतरा की टीम द्वारा लोरिक चंदा का नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। ज्ञात हो कि लोरिक चंदा नाट्य मंचन गढ़ रीवा और आरंग से संबंधित है जिसका मंचन देश के आठ राज्यों में होता है। जिसमें लोरिक गौतम चौबे, निर्देशक सतीश साहू, चंदा भारती, ददा अवधराम पटेल, मोहरी रामाधार यादव, बेंजो नीतू यादव, हारमोनियम भगतराम यादव, दौना मांझर परमानंद साहू, मलनिन सीमा विश्वकर्मा, जोकर देवनारायण साहू ने भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य हेमलता साहू ने आभार व्यक्त किया व कार्यक्रम के आयोजन संयोजन में स्कूल संचालक नंदकुमार महाराज, पुन्नू लाल साहू, पालसिंह चौहान, एन. सिंह साहू, मनमोहन यदु, दिनेश चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, सुरेश साहू सहित ग्रामीणों की सहभागिता रही।



## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री साय ने किया कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन द्वारा प्रकाशित 2024 के वार्षिक कैंलेंडर का विमोचन 'पहुना' में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों को मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए कुनबी समाज द्वारा की जाने वाली मानव सेवा की सराहना की। विमोचन के अवसर पर कुनबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत भाऊ भुनेश्वर, महासचिव पंकज ब्राम्हणकर, प्रदेश सचिव अमित डोये, प्रदेश महिला मंडल अध्यक्ष सारिका गेडेकर सहित सदस्य हेमलता शिवणकर, नैना गाढवे, लताताई झलके, निकेश तितरमारे आदि उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने घायल व्यक्ति की मरहम-पट्टी कराई



**रायपुर।** कलेक्टर डा. गौरव कुमार सिंह सोमवार देर शाम को शहर का निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान रेलवे स्टेशन के पास एक दोपहिया वाहन की ठोकर से घायल होकर सड़क पर बैठकर कराह रहे एक व्यक्ति को देख उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवा ली और गाड़ी से उतरकर व्यक्ति का हाल लेने पहुंच गए। कलेक्टर ने इस दौरान व्यक्ति से इलाज के लिए अस्पताल जाने के बारे में पूछा। व्यक्ति ने बताया कि उसे ज्यादा चोट नहीं लगी है और खुद से घर जा सकता है। इसके बाद कलेक्टर ने गाड़ी में रखा फर्स्ट एड बॉक्स से मरहम पट्टी निकालकर उसके पैर पर लगी चोट का प्राथमिक उपचार करने में मदद की। इसके बाद मरहम लगाकर व्यक्ति अपने घर लौट गया। कलेक्टर भी इसके बाद रवाना हो गए। कलेक्टर की संवेदनशीलता को देखकर घायल रफीक और वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। ज्ञात हो कि कलेक्टर के निर्देश पर सभी अधिकारियों के वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स रखने की शुरुआत स्वास्थ्य विभाग ने की है।

### हसदेव में पेड़ कटाई के विरोध में निकाली रैली



**रायपुर।** हसदेव जंगल के पेड़ कटाई को लेकर हर जगह विरोध बढ़ते देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को तात्यापारा वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य रीतेश त्रिपाठी ने विरोध किया। उनके साथ सैकड़ों लोगों ने तेलघानी नाका से आजाद चौक तक पदयात्रा कर अपना विरोध दर्ज किया। साथ ही सरकार को तत्काल इस निर्णय को वापस लेकर आदिवासियों के हित में आगे आकर उन्हें न्याय देने की बात कही। साथ ही पार्षद ने आरोप लगाया कि भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। रैली में मुकेश शर्मा, बृजेश राठौर राधेनायक, पप्पू, मवददत, प्रकाश, नंदजी, दीपक, बबला,मानिक, गजेंद्र, सावित्री, रोहिणी, बिज्जू साहू आदि उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार जब तक रहेगी पेट्रोल-डीजल महंगा मिलेगा

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, मोदी सरकार और पेट्रोलियम कंपनियां मिलकर आम जनता की जेब से पेट्रोल डीजल के माध्यम से प्रति लीटर 30 रुपए से अधिक की कमाई कर रही है। उन्होंने कहा, जब तक केंद्र में मोदी सरकार रहेगी पेट्रोल-डीजल महंगा ही मिलेगा, यही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा, बीते एक दशक में मोदी सरकार ने पेट्रोल डीजल से लगभग 32 लाख करोड़ रुपए की कमाई की है।

# छत्तीसगढ़ के 3 लाख नए मतदाताओं से मोदी करेंगे सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने बताया, भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर कार्य योजना तैयार की है। भाजयुमो द्वारा नव मतदाता सम्मेलन किया जा रहा है। इस अभियान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को पूरे देशभर के 5000 एवं छत्तीसगढ़ के 176 स्थानों के नव मतदाताओं से लाइव कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे।

छत्तीसगढ़ के भी 3 लाख से ज्यादा नवयुवकों से प्रधानमंत्री मोदी सीधे संवाद करेंगे। श्री भगत ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, नमो एप से युवा जुड़कर प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार के 10 वर्षों की जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए एप के माध्यम से 100 दिन का चैलेंज कार्यक्रम रखा जा रहा है। इससे जुड़कर जो युवा उस चैलेंज को पूरा करते हुए शीर्ष पर रहेंगे, उन्हें प्रधानमंत्री श्री मोदी से मिलने का अवसर मिलेगा। श्री भगत ने बताया, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के नेतृत्व में भाजयुमो लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस चुका है और प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों में जनता के आशीर्वाद से कमल खिलाएंगे। युवा मोर्चा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति के तहत कार्ययोजना बनाई है। इसमें मंडल सशक्तिकरण अभियान, नव मतदाता सम्मेलन, प्रदेश प्रोफेशनल युवा सम्मेलन, प्रदेश क्रीड़ा संगोष्ठी आदि विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से जनता तक पहुंचने का लक्ष्य है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 सीट जीतेंगे और केंद्र में पुनः श्री मोदी प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे। श्री भगत ने बताया, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में भारत शीर्ष स्थान में पहुंचा है। आज सभी युवा प्रधानमंत्री से मिलने व सुनने को आतुर रहते हैं।

## प्रदेश के 176 स्थानों से लाइव जुड़ेंगे नवयुवक



### पोस्टर का किया विमोचन

श्री भगत ने बताया, भाजयुमो द्वारा नव मतदाता सम्मेलन के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रदेश की 90 विधानसभाओं में प्रदेश भाजयुमो के पदाधिकारी का तीन दिवसीय आवासीय प्रवास सुनिश्चित किया गया है। प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के सभी कॉलेज, शिक्षा संस्थानों, कोचिंग सेंटर आदि नव युवाओं से संपर्क कर उन्हें नमो एप, विकसित भारत एम्बेस्डर से जोड़ेंगे, साथ ही साथ नमो नव मतदाता सम्मेलन 25 जनवरी के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया जाएगा। नव मतदाता सम्मेलन नमो नव मतदाता सम्मेलन के लिए बार कोड व फोन नंबर 7820078200 दिया गया है जिसमें मिसकॉल के माध्यम से भी नव मतदाता जुड़ सकते हैं। इसके लिए पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

# गांवों के हर घर में नल से पानी पहुंचाना करें सुनिश्चित

**केंद्रीय मंत्री शेखावत ने जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राज्य में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा, गांवों के हर घर तर नलों से पानी पहुंचे इसके पूरी व्यवस्था की जाए। उन्होंने ऐसे गांवों में जहां 90 प्रतिशत से अधिक घरों में पानी पहुंचना चालू हो गया है, उन गांवों में जल्द से जल्द सभी घरों में नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।

श्री शेखावत ने गांवों में नलों से पानी पहुंचाने की व्यलस्था की हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत समूह जलप्रदाय योजनाओं के काम में तेजी लाने को कहा। उन्होंने गांव के सभी घरों में नल लगने के बाद तुरंत सर्टिफिकेशन कराकर जल आपूर्ति की व्यवस्था ग्राम पंचायत को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। श्री शेखावत ने कहा, जल जीवन मिशन से जिन घरों में पेयजल पहुंच रहा है, वहां पानी की गुणवत्ता, पर्याप्त मात्रा और आपूर्ति की निरंतरता पर खास ध्यान दें। राज्य के जिन इलाकों में पेयजल में भारी तत्वों की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक है, वहां जल की गुणवत्ता की हर महीने जांच करें। लोगों को हर हाल में शुद्ध और सुरक्षित पेयजल मुहैया कराना है।



## केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को सुझाव भी दिए

*श्री शेखावत ने 26 जनवरी को ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्रामसभा में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति संबंधी बिंदु भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वसहायता समूहों की महिलाओं को गांव में नल से जल आपूर्ति के संचालन एवं रखरखाव के लिए प्रशिक्षित कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ गांवों में इसके संचालन की जिम्मेदारी देने का सुझाव दिया। उन्होंने दुर्गम और पहुंचविहीन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने में आ रही दिक्कतों के मद्देनजर ऐसी छोटी बसाहटों में जहां भूजल की गुणवत्ता अच्छी है, वहां सौर ऊर्जा आधारित सामुदायिक जल प्रदाय की व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने बैठक में प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने घर-घर कचरा संग्रहण के काम के सुचारू संचालन के लिए ग्रामीणों से यूजर चार्ज प्राप्त करने के लिए आईईसी के माध्यम से जागरूक करने को कहा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की संचालक पद्मिनी भोई साहू ने बैठक में मिशन के कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, सांसद सुनील सोनी, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के मिशन संचालक विकास शील, निदेशक वाईके सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों उपस्थित थे।*

# मंत्री कश्यप और वर्मा के सरकारी बंगले में कार्यालय का शुभारंभ

## कई मंत्रियों के बंगले में चल रहा काम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कार के दो मंत्रियों ने अपने सरकारी बंगले में कार्यालय का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इनमें मंत्री केदार कश्यप ने फारेस्ट कॉलोनी और टंकराम वर्मा ने शंकर नगर में आवंटित सरकारी बंगले से कार्य की शुरुआत कर दी है। शेष मंत्रियों के आवंटित बंगले में साफ सफाई का काम चल रहा है। वे आने वाले सप्ताह में यहां पर शिफ्ट होंगे।

मकर संक्रांति के मौके पर वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने सोमवार को राजधानी के फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित अपने शासकीय निवास कार्यालय पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। उन्हें फारेस्ट कालोनी में बंगला नं. सी 3 एवं सी 4 आवंटित हुआ है। अभी उनको आवंटित आवास के खाली नहीं होने के कारण कार्यालय का ही शुभारंभ किया है।

आवास अभी पूर्व मंत्री अनिला भेंडिया ने खाली नहीं किया है। वहीं राजस्व एवं खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शंकर नगर स्थित बी-5/10 बंगले में कार्यालय प्रारंभ किया। उन्होंने शंकर नगर स्थित बी-5/10 बंगला में कार्यालय प्रारम्भ किया, इस दौरान उनके परिवारजन भी मौजूद रहे।

### कई मंत्रियों ने लिया पजेशन

*संपदा विभाग द्वारा मंत्रियों को सरकारी बंगला आवंटित होने के बाद वहां पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा है। साफ-सफाई के काम के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, दयालदास बघेल, विजय शर्मा, अरुण साव ने भी अपने बंगले का पजेशन ले लिया है। यहां पर काम पूरा होने के बाद कार्यालय का शुभारंभ करेंगे।*

# देवलाल बोले- आदिवीसी सीएम बनने से कांग्रेस के पेट में दर्द क्यों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेसियों द्वारा छत्तीसगढ़ को केंद्र शासित प्रदेश कहने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री बनने से कांग्रेसियों के पेट मे दर्द हो रहा है। प्रदेश को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाने वाले कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ केंद्र शासित प्रदेश बन गया है, हर फैसला दिल्ली से हो रहा है। उन्हें याद रखना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी उनके इसी आदिवासी विरोधी होने की वजह से प्रदेश की जनता द्वारा उन्हें सत्ता से बेदखल किया है। आदिवासी समाज का हमेशा विरोध करने वाले कांग्रेस के लोग आदिवासी समाज के सपूत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बारे में अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा, आदिवासी समाज की सरलता, सहजता, उनकी पहचान है, लेकिन आदिवासी समाज एक कुशल शासक है, न्याय प्रिय है। यह छत्तीसगढ़ आदिवासियों की धरती है और कांग्रेस ने सदा आदिवासियों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया है।

## ठोकने बोले- छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अस्तित्व विहीन

*रायपुर। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नलीनिश ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने भ्रष्टाचार में डूबी 10 जनपद के इशारों पर भ्रष्टाचार का नाच करने वाली कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेता अस्तित्व विहीन हो चुके हैं, इसलिए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के वक्तव्यों के अनुसार कांग्रेसी एक दूसरे से नजर नहीं मिला पा रहे हैं। श्री ठोकने ने कहा कि 5 वर्षों तक कांग्रेस की सरकार में ट्रांसफर पोस्टिंग का धंधा चलाने वाले आज सरकार जाते ही बेरोजगार हो गए हैं और धंधा बंद होने के दुःख से उबर नहीं पा रहे और बयानबाजी कर रहे हैं। श्री ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने भू - पे करने वाली कांग्रेस की सरकार को जो 10 जनपद के एटीएम के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने का काम कर रही थी, जो कांग्रेस की सरकार गांधी परिवार के इशारे पर छत्तीसगढ़ को बदहाल कर रही थी, ऐसी भ्रष्ट सरकार को बाहर का रास्ता दिखा दिया है।*

# तीन मंत्रियों के विभागों की बजट चर्चा आज वित्तमंत्री के साथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि न्यूजःरायपुर। राज्य सरकार का बजट 2024-25 तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इस बीच वित्त मंत्री की मंत्री स्तरीय बजट चर्चा का दौरा जारी है। इस सिलसिले में सरकार के तीन मंत्रियों दयाल दास बघेल, केदार कश्यप और लखन लाल देवांगन के विभागों की चर्चा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ 16 जनवरी को रखी गई है।

### वित्त विभाग ने जारी किया कार्यक्रम

वित्त विभाग ने मंत्री स्तरीय बजट चर्चा के लिए जो कार्यक्रम तैयार किया है उसके मुताबिक 16 जनवरी को श्री बघेल के विभाग खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की बैठक सुबह 11 से होगी। इसके बाद श्री कश्यप के विभाग वन एवं जलवायु परिर्वतन,जल संसाधन,कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग की बैठक होगी। इसी क्रम में श्री देवांगन के विभाग वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग की बैठक दोपहर 3 बजे से होगी।

### बढ़ेगा बजट का आकार

*राज्य सरकार के वित्त विभाग ने जब पिछले साल से बजट बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की थी, तब ये लक्ष्य रखा गया था कि पिछले साल के मुकाबले बजट का आकार पांच प्रतिशत बढेगा। लेकिन दिसंबर 2023 में सरकार बदलने के बाद माना जा रहा है कि बजट का आकार बढ़ेगा। इसके पीछे वजह ये बताई जा रही है कि भाजपा सरकार के वादों के मुताबिक महतारी वंदन सहित अन्य योजनाओं के लिए बड़ी राशि लगनी है। इस हिसाब से देखा जाए तो माना जा रहा है इस बार बजट का आकार बढ़ना तय है। अभी ये साफ नहीं है कि बजट का आकार कितना बढ़ेगा।*

# बैज ने कहा- राहुल गांधी की न्याय यात्रा से देश में नया बदलाव होगा

■ मंदिर के नाम से देश की जनता की भावनाओं से खेल रही भाजपा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण में न्याय यात्रा की शुरुआत हुई। मणिपुर से शुरू हुई यात्रा में देश और छत्तीसगढ़ के नेता शामिल हुए। 6700 किमी की यह यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से होकर मुंबई में 20 मार्च को समापन होगा। उन्होंने कहा, यात्रा को ऐतिहासिक जन समर्थन मिलेगा। निश्चित रूप से हमारे नेता राहुल गांधी की इस यात्रा से देश में नया बदलाव होगा, एक नया संदेश जायेगा। न्याय यात्रा से लौटने के बाद एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में कहा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रभाव देश के गरीब, युवा, माता-बहनों को न्याय दिलाने की यात्रा है। हमारे नेता राहुल गांधी पहुंचेंगे और उन सब की भावनाओं को सुनेंगे और उनसे चर्चा करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में न्याय का एजेंडा बनाकर जनता के बीच चुनाव में जायेंगे। देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और अन्य मुद्दो से जूझ रही है, इस पर भाजपा और मोदी सरकार मौन है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो राहुल गांधी की अगवाई में जनता के हितों के लिये जनता के बीच निकली, जिसका उद्देश्य जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है, इसलिये यह यात्रा सफल और ऐतिहासिक होगी।

### राम मंदिर चुनाव का मुद्दा नहीं, आस्था का विषय

भाजपा की ओर से राम मंदिर का अनुष्ठान और कांग्रेस की जारी यात्रा को लेकर उन्होंने कहा, राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का आदि गुरु शंकराचार्य भी विरोध कर रहे हैं, उनका कहना है कि राम मंदिर का निर्माण अधूरा है, पूर्ण मंदिर निर्माण में अभी काफ़ी समय है, फिर इतनी जल्दबाजी क्यों की जा रही रही है? मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उचित समय रामनवमी है, तो इसी दिन ही होना चाहिये। भाजपा इसे चुनावी मुद्दा बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोजगार के मुद्दे पर, महंगाई के मुद्दे पर, देश की सुरक्षा के मुद्दे पर, बहुत सारे मुद्दे को लेकर चुनाव में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं, इसलिये राम मंदिर के नाम से प्रोपोगंडा कर देश की जनता की भावनाओं से खेल कर चुनाव लड़ना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी के लिये राम मंदिर चुनाव का मुद्दा नहीं, आस्था का विषय है।

## अधिकारी बरसों इंतजार करके भी नहीं बन पा रहे आईपीएस

# प्रशासनिक अन्याय, डिप्टी कलेक्टर, कलेक्टर बन गए, डीएसपी रह गए वहीं के वहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की नौकरशाही में यह बात किसी प्रशासनिक अन्याय से कम नहीं है कि राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के अधिकारी समय पर प्रमोशन पाकर आईएएस का अवार्ड हासिल कर कलेक्टर बन जा रहे है, लेकिन राज्य पुलिस सेवा (रापुसे) के अधिकारी बरसों बरस इंतजार करके भी आईपीएस नहीं बन पा रहे हैं।

### ये है मामला

राज्य प्रशासनिक सेवा और राज्य पुलिस सेवा कैडर के अधिकारियों को सेवा में आने के बाद एक निर्धारित अवधि के बाद प्रमोशन देने की व्यवस्था है। किसी भी कैडर के अधिकारी को अगर समय पर प्रमोशन नहीं मिला, तो इसका असर पूरे कैरियर पर होता है। अगर छत्तीसगढ़ की बात की जाए, तो यहां दोनों कैडर के अधिकारियों के बीच स्थिति ये बनी है कि राप्रसे वालों को समय पर प्रमोशन मिल पा रहा है, लेकिन रापुसे के अधिकारी डीएसपी से एसपी बनने के लिए तरस रहे हैं। ऐसे कई अधिकारी भी हैं, जिन्होंने सरकारी सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया, लेकिन उनके हिस्से में आईपीएस बनने का दिन ही नहीं आया।





### राप्रसे के अधिकारियों के लिए अधिक अवसर

छत्तीसगढ़ में राज्य प्रशासनिक सेवा कैडर के 2005 बैच के अधिकारी 2020 में आईएएस बन गए हैं, लेकिन इससे पहले की स्थिति में देखा जाए, तो राज्य गठन के पहले 10 साल में कम भर्तियां होने के कारण कम लोग ही आईएएस बने, लेकिन इसके बाद राप्रसे के पदों पर बड़ी संख्या में भर्तियां होने के आने वाले वर्षों में 2026-27 तक अधिक संख्या में अधिकारियों को आईएएस बनने का मौका मिलेगा। कुल मिलाकर स्थिति ये है कि राप्रसे के अधिकारियों को 10 से 12 साल की सेवा के बाद आईएएस बनने का मौका मिल रहा है।

### राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी प्रमोशन को तरसे

प्रदेश में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को आईएएस बनने के लिए लंबे समय का इंतजार करना पड़ रहा है। बताया गया है कि 1998 बैच के रापुसे अधिकारियों के बैच में 12 लोगों को आईपीएस अवार्ड होना था, लेकिन इनमें से केवल छह को 2017 में प्रमोशन मिला। इसके बाद से लेकर अब तक पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के पूरे पांच साल बीतने तक किसी भी अधिकारी को आईपीएस अवार्ड नहीं मिला है। बताया गया है कि रापुसे अधिकारियों का प्रमोशन राप्रसे अधिकारियों की तुलना में दस साल पीछे चल रहा है। राज्य में ही बड़ी संख्या में अधिकारियों को छह साल से प्रमोशन के लिए इंतजार है।

### दोनों कैडर में आकार का भी अंतर

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार राप्रसे और रापुसे के अधिकारियों के प्रमोशन के मामले में जो गड़बड़ी नजर आ रही है, उसके पीछे एक बड़ी वजह ये भी है कि दोनों कैडर के आकार में अंतर है। राज्य में आईएएस अधिकारियों की संख्या 142 है, जबकि आईएएस की 200 से अधिक है। बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में आईपीएस के 26 पद बढ़ाने के लिए प्रस्ताव डीओटीपी को भेजा गया है। यह मंजूरी मिलने के बाद आईपीएस के अधिक पद निर्मित हो सकेंगे। फिलहाल डीएसपी को आईपीएस बनने में करीब 25 साल लग रहे हैं।

# कलेक्टोरेट में स्वास्थ्य शिविर कलेक्टर ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**रेडक्रास सभा कक्ष में लगा स्वास्थ्य शिविर**



प्रशासनिक कार्यों को पूरा करने के दौरान चुस्त-दुरुस्त रहने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधीश परिसर स्थित कलेक्टोरेट में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने स्वयं शुगर की जांच कराई। इसके साथ शिविर में 159 लोगों ने अपनी बीपी-शुगर की जांच करवाई।

रेडक्रास सभा भवन में आयोजित शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया था। इस दौरान वहां जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी भी मौजूद थे। एक दिवसीय इस शिविर में 126 लोगों ने सिकलसेल की जांच कराई, जिसमें से पांच लोगों को प्रभावित पाया गया। इस दौरान उन्हें शासन से प्राप्त होने वाली सुविधा के बारे में जानकारी दी गई। काफी समय से खांसी से पीड़ित नौ कर्मचारियों के सैंपल लेकर टीबी जांच के लिए भेजा गया है।

## खबर संक्षेप



### प्राण-प्रतिष्ठा से पहले निकली रामजी की शोभायात्रा

**रायपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के पहले शहर भगवान राम की भक्ति में लीन हो गई है। इसी क्रम में कट्टर हिन्दुत्व समूह द्वारा सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सिद्धार्थ चौक स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर से निकलकर मठपारा चौक से होते हुए पुलिस लाइन फिर कालीबाड़ी चौक से होते हुए बुढ़ेश्वर मंदिर पहुंची। समूह के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि यात्रा शाम 7 बजे से रात 12 बजे चली इस यात्रा में हाथों में भगवा झंडा लिए 10 हजार से भी अधिक लोग शामिल है।

### मकर संक्रांति पर खिचड़ी प्रसाद का किया वितरण



**रायपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर हनुमान मंदिर बूढ़ेश्वर चौक में सोमवार को खिचड़ी का भंडारा किया गया। इमसें सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही मंदिर समिति के सदस्यों ने राहगीरों और श्रद्धालुओं को भी प्रसाद वितरण किया।


### हिना खान बनीं अभियोजन अधिकारी संघ की अध्यक्ष



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार को छत्तीसगढ़ अभियोजन अधिकारी संघ का चुनाव हुआ। इस चुनाव में रायपुर डीपीओ हिना यास्मीन खान ने विजय प्राप्त की और छत्तीसगढ़ अभियोजन अधिकारी संघ की अध्यक्ष चुनी गई।

## निधन

### रामचंद मोटवानी



**रायपुर।** कचहरी चौक सिंधी गली निवासी रामचंद मोटवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 जनवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे रघुमल मोटवानी के चाचा और गिरधारी, दीपक, श्याम मोटवानी के भाई थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रमांक / 202401115600030 / अ-6 / 2023-2024

रायपुर, दिनांक 12/01/2024

ग्राम भाठागाव, प.ह. नं. - 60, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा बजाज पति श्री सत्यपाल बजाज निवासी मकान नंबर 29 सिंधी कालोनी राजनांदगॉव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि उनके द्वारा ग्राम भाठागाँव, प.ह.नं. 60. रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 679 / 2 का भाग रकबा 1000 वर्गफुट भूमि को विक्रेता मेसर्स सांई कृष्णा बिल्डर्स एण्ड प्रमोटर्स द्वारा प्रोप्राईटर बी एस प्रसाद पिता श्री बी आर जी राव पता लाल गंगा शांपिग मॉल जी ई रोड रायपुर श्रीमती कांता गोयल पति श्री रतनलाल गोयल निवासी जल विहार कालोनी रायपुर द्वारा मु. आग बी एस प्रसाद पिता बी आर जी राव पता लाल गंगा शांपिंग मॉल जी ई रोड रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06/09/2013 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 07/02/2024 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 07/02/2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
जिला रायपुर (छ.ग.)


# प्रदेश के 146 प्राचीन मंदिरों में 6 हजार मानस मंडली देगी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम वन गमन पथ से जुड़े मंदिरों में भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। इसको लेकर संस्कृति विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टर को क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों में 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने को कहा गया है। साथ ही रंग रोगन करने का भी निर्देश दिया है।


भगवान राम वनवास काल में 25 जगहों से होकर गुजरे थे। प्राण प्रतिष्ठा पर अब इन जगहों पर रामायण पाठ के साथ महाआरती होगी। सामाजिक संस्था की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। सीतामढ़ी-हरचौका में भव्य गंगा आरती की तैयारी है। प्रभु श्रीराम की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अभिषेक व विधिवत पूजन होगा। वनवास के 14 साल के समय 4 महीने का वक्त उन्होंने यहां बिताया था। मां सीता की रसोई यहां है। 22 को यहां 5 मानस मंडली दिनभर रामायण भजन पाठ करेंगी।

## राम वन गमन पथ से जुड़े मंदिर में होगा रामायण का पाठ, सप्ताहभर तक चलेगा स्वच्छता अभियान

### चंदखुरी में अयोध्या की तर्ज पर होगी पूजा

चंदखुरी माता कौशल्या मंदिर में अयोध्या के तर्ज पूजा और उत्सव मनाया जाएगा। 22 को गंगा आरती का आयोजन किया गया है। इसके अलावा दिनभर मानस मंडली मंदिर में प्रस्तुति देगी। धार्मिक अनुष्ठानों पर भक्तगढ़ भी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा राजिम, सिहावा, जगदलपुर, कोरिया, सरगुजा, जशपुर समेत आधा दर्जन से अधिक राम वन गमन मंदिरों में महाआरती होगी।





### प्राचीन मंदिरों में मनेगा उत्सव

प्रदेश में राज्य संरक्षण इमारत 63 है। मंदिरों में विधिवत पूजा के साथ दीपोत्सव मनाया जाएगा। इसके अलावा सभी जिले के कलेक्टर को निर्देश दिया गया है कि अपने क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों में रंग रोगन के साथ प्राण प्रतिष्ठा पर मानस मंडली का आयोजन किया जाए। 146 ब्लॉक के मंदिरों में विशेष आयोजन होगा।

**- विवेक आचार्य**, संचालक, संस्कृति विभाग

### मंदिर में शुरू हुआ सफाई अभियान

प्रधानमंत्री के आह्वान पर प्रदेश के प्राचीन मंदिरों में सात दिनों तक सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। जनप्रतिनिधि के साथ-साथ मंदिर समिति के सदस्य और अधिकारी गढ़ मंदिरों में रंग रोगन के साथ सफाई कर रहे हैं। यह क्रम 21 जनवरी तक पूरे प्रदेश में जारी रहेगा।

### शिवरीनारायण और तुरतुरिया में दीपों से सजेगा दरबार

शिवरीनारायण में रुककर भगवान राम ने शबरी के जूठे बेर खाए थे, तो वहीं तुरतुरिया में महर्षि वाल्मीकि का आश्रम है। इन दोनों ही जगहों पर प्राण प्रतिष्ठा में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान होंगे। अयोध्या में प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर में भी भगवान की विधिवत पूजा की जाएगी। यहां हजारों दीपों में भगवान श्रीराम का दरबार सजेगा। फूल और आकर्षक लाइट से मंदिर को सजाया जाएगा। बाहर से आए पर्यटकों को जगह के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा सरगुजा जिलें के रामगढ़ की पहाड़ी में हवन पूजन का आयोजन किया गया है।

# शिक्षक ने स्कूल में फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- स्कूल बंद करने के दौरान स्कूल स्टाफ ने शिक्षक को फांसी के फंदे पर लटकते देखा
- घटना मुजगहन थाना क्षेत्र में शाम सात बजे की

मुजगहन थाना क्षेत्र में पूर्व माध्यमिक शाला के एक शिक्षक ने सोमवार को स्कूल में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शिक्षक की लाश को स्कूल के एक स्टाफ ने स्कूल बंद करने के दौरान शाम सात बजे देखा और उसने घटना की जानकारी पुलिस के साथ मृतक के परिजनों की दी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतक के पास से पुलिस को किसी तरह से सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चला है।

पुलिस के मुताबिक भठगांव स्थित पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक के पद पर पदस्थ अनूप कोठारे ने आत्महत्या की है। आशंका जताई जा रही है कि स्कूल की छुट्टी होने तथा बच्चों के घर जाने के बाद शिक्षक ने खुदकुशी की होगी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद शिक्षक ने एक कक्षा में जाकर खूंटी में फांसी का फंदा बनाकर खुदकुशी की है।

स्कूल स्टाफ ने अनूप को शाम सात बजे फांसी के फंदे पर लटकते देखा। अनूप स्कूल में पिछले पांच साल से शिक्षकीय कार्य कर रहा था। मृतक के तीन बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा तथा बेटियां हैं।

## स्वच्छता रैंकिंग सुधारने आम जनता को जोड़ने चलेगी मुहिम

# सफाई वाहनों में बजेंगे अब नए गाने कालोनियों के बीच स्वच्छता की स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम अब अपने सफाई वाहनों में बजने वाले पुराने गाने को बदलेगा, उसकी जगह अब नए और लोक-लुभावन गाने सुनने को मिलेंगे। नए गाने की धुन ऐसी होगी कि लोग घरों से निकलकर सफाई गाड़ी में कचरा देने खुद खिंचे चले आएं, ताकि अधिक मात्रा में कचरा संग्रहण आसानी से हो सके। यही नहीं, गांधी सदन के एयर कंडीशन आफिस में बैठने वाले अपर आयुक्त अब रोज सुबह शहर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने घूमेंगे, ताकि सफाई व्यवस्था की खामियां ढूंढी जा सके। आम जनता को सफाई से जोड़ने नगर निगम ये मुहिम छेड़ने जा रहा है। इसका मकसद सफाई की रैंकिंग में देश के टॉप टेन शहर में रायपुर का नाम लाना है।

दरअसल, केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के लिए हाल ही में घोषित स्वच्छता रैंकिंग में देश के टॉप टेन स्वच्छ शहर में रायपुर के चूकने के बाद शहरी सरकार ने यह कदम उठाया है। इसी सिलसिल में महापौर एजाज ढेबर ने सोमवार को गांधी सदन में निगम के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इसमें निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की मौजूदगी में शहर की स्वच्छता को लेकर नई योजना बनाई गई। बैठक के दौरान यह बात प्रमुखता से सामने आई कि स्वच्छता रैंकिंग में रायपुर शहर इस बार इसलिए टॉप टेन से बाहर हुआ, क्योंकि पब्लिक फीडबैक कैटेगरी में शहर की जनता ने खुलकर अपनी राय जाहिर नहीं की। महापौर एजाज ढेबर ने अधिकारियों से कहा, स्वच्छता के जन अभियान में आम नागरिकों को प्रमुखता से जोड़ा जाए।





- अपर आयुक्त अब रोज सुबह सफाई देखने निकलेंगे
- टॉप टेन से चूकने के बाद गांधी सदन में महापौर ने ली समीक्षा बैठक

समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, उपायुक्त स्वास्थ्य के. हालदार, सहायक अभियन्ता स्वच्छ भारत मिशन योगेश कड़ु, सभी जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियन्ता, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सफाई में कसावट लाने इस तरह से होंगे काम

- आवासीय कालोनियों के बीच परिसर को स्वच्छ रखने हर माह होगी प्रतियोगिता
- बाजारों में शुरू होगी अब रात्रिकालीन सफाई
- सार्वजनिक शौचालयों में केयरटेकर-चौकीदार रखना अनिवार्य
- नगर निगम, कलेक्टोरेट सहित विभिन्न कार्यालयों के परिसर को साफ रखने स्वच्छ कार्यालय प्रतिस्पर्धा
- निगम के 3 अपर आयुक्त रोज सुबह अलग-अलग वार्ड में जाकर सफाई व्यवस्था की करेंगे मानिटरिंग
- सफाई कामगारों का आनलाइन लोकेशन मैप और एप जल्द होगा तैयार
- 70 वार्डों में नाले-नालियों का एक साथ सफाई के लिए चलेगा अभियान।

# नर्सिंग प्रवेश की अंतिम तारीख आगे बढ़ाने के दरख्वास्त को आईएनसी ने किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बीएससी नर्सिंग की साढ़े तीन हजार सीटों पर 31 जनवरी तक प्रवेश देने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के निवेदन को भारतीय नर्सिंग काउंसिल ने खारिज कर दिया है। शिक्षा विभाग को भेजे गए पत्र में उन्होंने इसे संभव नहीं बताया है। खाली सीटों को ध्यान में रखते हुए पहले 30 नवंबर तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की गई थी।

नर्सिंग की डिग्री लेने वालों का प्रदेश में बेहतर स्कोप है, मगर निजी नर्सिंग कालेजों की हालत एडमिशन के मामले में काफी पतली है। राज्य में बीएससी नर्सिंग की सात हजार से अधिक सीटें हैं। इसमें शासकीय कालेजों में एडमिशन तो आसानी से पूरी हो जाती है, मगर निजी कालेजों में प्रवेश के लिए कई प्रयास किए जाते हैं। इस बार एडमिशन के दो से तीन बार प्रवेश की तारीख बढ़ाई गई थी और नवंबर अंतिम तक एडमिशन देने का प्रयास किया गया, मगर पूरी सफलता नहीं मिल पाई थी। जनवरी की शुरुआत में विभाग की ओर से खाली सीटों को ध्यान में रखते हुए 31 जनवरी तक प्रवेश देने की अनुमति देने के लिए भारतीय उपचर्या परिषद को पत्र प्रेषित किया था। नर्सिंग एजूकेशन शेड्यूल में व्यवधान छात्र हित में नहीं होने का तर्क देते हुए प्रवेश की तारीख बढ़ाने अनुमति से इनकार कर दिया गया है।

### न्यूनतम अंक का नियम लागू रहा

निजी कालेज संघ एडमिशन और छात्र हित को ध्यान में रखते हुए प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक के नियम को शिथिल करने की मांग करते रहे। उनका तर्क था कि प्रवेश में पचास प्रतिशत अंक नहीं ला सकने वाले आदिवासी छात्राएं प्रवेश लेने के इच्छुक हैं। शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता नहीं करने का तर्क देकर इससे इनकार कर दिया गया था। इसकी वजह से भी काफी सीटें खाली रह गई थीं।

## पेज 13 के शेष ...

### ट्रेनों की लेटलतीफी से...

तैयार होने के बाद ट्रेन साढ़े तीन घंटे से अधिक लेट होने पर रोजाना 100 से अधिक यात्री टिकट भी कैंसिल करा रहे हैं। इसमें सबसे बड़ी विडंबना यह है कि ये खाली बर्थ करंट बुकिंग के लिए भी उपलब्ध नहीं हो रही हैं। देर से चलने वाली ट्रेनें खाली जा रही हैं और इनमें यात्री जनरल टिकट लेकर स्लीपर क्लास में आराम से बैठकर यात्रा कर रहे हैं। इससे रेलवे को भी घाटा हो रहा है व पैसा देकर सफर करने के इच्छुक यात्री को लाभ नहीं मिल रहा है।

### विभाग की बड़ी लापरवाही...

विभाग को भी नहीं थी, जबकि विभागीय अधिकारी हमेशा दावा करते हैं कि खाद-कीटनाशक बिक्री दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है। छापा मार जो कार्रवाई की गई है यह भी विभाग के मुख्यालय में पहुंची शिकायत पर की गई है। ऐसे में जिला विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे इतने लंबे समय से नकली खाद का यह कारोबार चल रहा था।

### 3 दिन बाद सफाई...

फिलहाल अभी नहीं आ पाएगा। विभाग ने उसके इस मैसेज पर उसे दोबारा मैसेज भेजा और उपस्थित नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। यह मैसेज मिलने के बाद 3 दिन के बाद सोमवार को अमित मिश्रा रायपुर पहुंचा। गोदाम से बरामद नकली खाद को लेकर उसने जो बातें कहीं उसे सुनने के बाद विभाग को समझ में आ गया कि वह नकली खाद के कारोबार में संलिप्त है। इसके बाद विभाग ने उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

### एयरपोर्ट की सवारी पर...

तुराब अली और हरविंदर सिंह नामक टैक्सी वालों के बीच सवारी को लेकर विवाद हो गया और नौबत मारपीट तक पहुंच गई। मामला लहूलुहान होने के बाद माना थाने तक पहुंचा और टैक्सी वालों ने थाने का घेराव कर दिया।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 294 भादवि, 323, 306 भादवि का अपराध दर्ज किया है। घटना के दौरान एयरपोर्ट पर यात्रियों की आवाजाही हो रही थी और उनके बीच मामले को लेकर गहमागहमी का माहौल बन गया। एयरपोर्ट पर सवारी को लेकर होने वाले इस तरह के विवाद पर यात्रियों को भी नुकसान पहुंचने का खतरा है, मगर अभी तक एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा सख्त एक्शन नहीं लिया जा सका है।

### तेलीबांधा चौक के पास...

मोवा सड्डू की ओर जाने वाली मेनराइजिंग पाइप लाइन में तेलीबांधा चौक के पास लीकेज होने से इसका मरम्मत कार्य बुधवार को किया जाएगा। इस दौरान मरम्मत कार्य में 12 घंटे का समय संभावित है। इस कारण शहर की 9 पानी टंकियों में शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

प्रभावित होने वाली पानी टंकियों में अमलीडीह पानी टंकी, मंडी स्थित पानी टंकी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, कचना, आमासिवनी और जोरा स्थित पानी टंकी शामिल है। नगर निगम के जल विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया, पाइप लाइन लीकेज मरम्मत का काम पूरा होने के बाद 18 जनवरी को सुबह जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। इन टंकियों के अलावा शहर में स्थित अन्य जलागारों और पावर पंपों में जल प्रदाय यथावत रहेगा।


## बिजनेस साइट

### मकर संक्रांति के अवसर पर 'अष्टविनायक सिटी' का हुआ भूमिपूजन



**रायपुर।** रियल एस्टेट की अग्रणी कंपनी अष्टविनायक रियल्टीज ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अपने न्यू प्रोजेक्ट अष्टविनायक सिटी का कांदूल रोड कमल विहार में भूमि पूजन किया।
इस मौके पर कंपनी के सीएमडी संतोष लोहाना के साथ सभी फाउंडर्स मुख्य रूप से उपस्थित थे। सीएमडी संतोष लोहाना ने पूरी मार्केटिंग टीम और सेल्स की टीम की उपस्थिति में भूमिपूजन किया एवं सभी ने साथ में पतंग उत्सव मनाया। इस अवसर पर कंपनी के सीएमडी संतोष लोहाना ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि अष्टविनायक सिटी कमल विहार के पास कांदूल में 21 एकड़ का सर्वसुविधायुक्त प्रोजेक्ट है जहां सिक्योर एवं कवर्ड कैंपस है। इस प्रोजेक्ट में 600 से 1800 स्क्वायर फीट के प्लाट उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अष्टविनायक रियल्टीज ने लगातार रियल एस्टेट बाजार को एक नई दशा और दिशा दी है और आगे बढ़ रही है।

### मकर संक्रांति के अवसर पर अविनाश चितवन में दो दिवसीय काइट फेस्टिवल हुआ



**रायपुर।** मध्य भारत के सबसे बड़े रियल एस्टेट समूह अविनाश ग्रुप के कचना स्थित प्रोजेक्ट 'अविनाश चितवन' में मकर संक्रांति के अवसर पर दो दिवसीय 'अविनाश काइट फेस्टिवल' का आयोजन किया गया। इसमें गुजरात एवं मुम्बई के काइट आर्टिस्ट अपनी बड़ी-बड़ी पतंगों के साथ करतब करते हुए दिखाई दिये। इसके साथ ही इस काइट फेस्टिवल में बच्चों के लिये गेम जोन, फुड स्टॉल, किड्स एक्टिविटी ने मकर संक्रांति का मजा दोगुना कर दिया। मकर संक्रांति का त्यौहार पतंगों का त्यौहार है, इस त्यौहार की खुशी को दोगुनी करने के लिये अविनाश ग्रुप ने काइट फेस्टिवल का आयोजन किया। इसमें लोगों में काफी उत्साह देखा गया। हर वर्ग और हर आयु के लोगों के द्वारा हर्षोल्लास के साथ पतंग उड़ाया गया और यदा कदा माहौल में काइ-पो-चे की गूंज गूंजती रही।


# निगम आयुक्त ने किया शहर भ्रमण, गंदगी देखी, सड़क खस्ताहाल, डस्टबिन टूटा पाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- व्यवस्था सुधारने अधिकारियों को दिए निर्देश
- बापू की कुटिया की बदहाली सुधरेगी

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को शहर भ्रमण कर सफाई व्यवस्था की धरातल पर जानकारी ली। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ पंडरी कपड़ा मार्केट पहुंचने पर निगम आयुक्त ने देखा पंडरी कपड़ा बाजार स्थल पर डस्टबिन टूटे पड़े हैं, राजातालाब पार में पेवर के मरम्मत की जरूरत है। यही नहीं, महालक्ष्मी मार्केट के पास खस्ताहाल सड़क की वजह से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। श्री मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने स्थल पर निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने राजधानी के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्थल पर टूटे हुए पाए गए डस्टबिन को तत्काल बदलने संबंधित एजेंसी को हिदायत दी। प्रदेश के सबसे बड़े कपड़ा बाजार में लोगों को टूटे हुए डस्टबिन के कारण कचरा डालने में दिक्कत हो रही थी। इस बात को आयुक्त ने संज्ञान में लिया। चंगोराभाठा और बैजनाथ पारा में चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण भी किया।

भ्रमण के दौरान जोन 5 में बापू की कुटिया के मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर उसे वरिष्ठजनों की सुविधा लायक बनाने की बात कही। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से शहर में अलग-अलग बगीचों में बनाए बापू की कुटिया की दशा सुधारने संबंधी दिशा-निर्देश दिए। शहर भ्रमण के दौरान स्मार्ट सिटी के सीईओ उज्ज्वल पोरवाल, अधीक्षण अभियंता बीआर अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


**BHARTI VISHWAVIDYALAYA**
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005 recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com

Applications are invited for the position of

**VICE-CHANCELLOR**

A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.

**Professor, Associate Professor, Asst. Professor**

Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.

Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com

**Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.**

Registrar

Website : www.bhartiuniversity.org

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 19/12/2023

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना प.ह.नं. 80 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक रविन्द्र यादव पिता कुबेर प्रसाद यादव नि. लाभांडी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 329/1 शामिल नं. 255/2, 260/2 रकबा 0.280 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किय जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र... अ-12 वर्ष 2023/24 आदेश दिनांक 14/12/2023 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 23/01/2024 को समय 11.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदक स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार वहीदउद्दीन पिता- कुतुबउद्दीन, निवासी- सुभाष नगर, मौदहापारा, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता - ना.बा. इफ्फत फातिमा वो ना.बा. मुबश्शीर फातिमा, दोनों पिता- स्व. हबीब अशरफ खान, तबस्सुम खान, पति - स्व. हबीब खान, सभी निवासी मोती नगर, बोरियाखुर्द, जिला रायपुर (छ.ग.) के हक, स्वामित्व की भूमि जो कि मौजा- मठपुरैना, प.ह.नं. - 61, रा.नि.मं. - रायपुर - 1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर- 450/2, रकबा 0.1870 हेक्टेयर धारित की जाती है, जिसमें से लगभग 2600 वर्गफूट भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का अनुबंध ऊपर वर्णित विक्रेता के पति एवं पिता से किया था तथा अनुबंध के दौरान ही हबीब अशरफ खान का निधन हो गया, उनकी मृत्यु के पश्चात बतौर वारिसान ऊपर विक्रेतागण के द्वारा मेरे पक्षकार से विक्रय अनुबंध किया है तथा भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया है मात्र विक्रय विलेख के पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय विभाग, महाजन, साहूकार या किसी को भी उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति सात (07) दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शून्य माना जावेगा और निर्धारित समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की सम्पूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में विक्रय पत्र पंजीयन की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। एतद् सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 15/01/2024

भवदीय
नरेन्द्र कुमार मिश्रा अधिवक्ता
मेन रोड, श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. - 98271 - 16308

**Health Town**

**यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल**

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR, THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR, THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.

तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154

8817428621, 6265421645

**मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल**

छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.

डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)

जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार

छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराजा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)

रायपुर: मो. 9406004581
बिलासपुर: मो. 7869048192

अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज

L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पांव पर दर्द, अकड़न।


विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**Online Booking : www.tripuryatra.com**

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा



स्लीपर मात्र 18,500/-

## श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

| रिजर्वेशन कोच (14 दिन) |
|---|
| 07 मई से 20 मई 2024 |
| 09 मई से 22 मई 2024 |
| 11 मई से 24 मई 2024 |
| 13 मई से 26 मई 2024 |
| 15 मई से 28 मई 2024 |
| 17 मई से 30 मई 2024 |
| 19 मई से 01 जून 2024 |
| 21 मई से 03 जून 2024 |
| 23 मई से 05 जून 2024 |
| 25 मई से 07 जून 2024 |
| 27 मई से 09 जून 2024 |
| 29 मई से 11 जून 2024 |
| 31 मई से 13 जून 2024 |

### चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक।
2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा।
3. रात्रि विश्राम के लिए हॉटल/ लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा।
4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था।
5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411

नोट : कृपया अंतिम दिनांक से पहले बुकिंग करवालें क्योंकि ट्रेन में वेटिंग लगने पर टिकिट नहीं मिल पाती है।

राशि : स्लीपर 22,500/-, 3 एसी -32,500/-, 2 एसी - 38,500/- ऑफर : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक (07 दिन)



स्लीपर मात्र 8,500/-

सबसे कम राशि पर

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

## श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

### स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहता है, खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे।

राशि : 12,500/- रु., 3एसी-20,100/-, 2एसी-25,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-19,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

स्पेशल कोच से -02 मार्च से 12 मार्च 2024, 21 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024
स्पेशल ट्रेन से - 24 जुलाई से 05 अगस्त 2024, 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

| रिजर्वेशन कोच (10 दिन) |
|---|
| 20 फरवरी 29 फरवरी 2024 |
| 23 अप्रैल से 02 मई 2024 |
| 04 जून से 13 जून 2024 |
| 20 अगस्त से 29 अगस्त 2024 |
| 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024 |

ऑफर : राशि स्लीपर रिजर्वेशन कोच 13,500/- स्पेशल कोच / ट्रेन 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

स्पेशल ट्रेन से 02 मई से 08 मई 2024 तक (07 दिन)

# माता वैष्णव देवी

स्लीपर मात्र 8,100/-

माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन

राशि : 14,500/- रु., 3एसी-21,500/-, 2एसी-27,100/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 8,100/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी, वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम), अयोध्या (राम जन्मभूमि), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर

| रिजर्वेशन कोच (14 दिन) |
|---|
| 15 फरवरी से 28 फरवरी 2024 |
| 04 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 |
| 07 मार्च से 20 मार्च 2024 |
| 09 मई से 22 मई 2024 |
| 23 मई से 05 जून 2024 |

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-25,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

रिजर्वेशन कोच - 23 फरवरी से 27 फरवरी 2024, 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024
स्पेशल ट्रेन से 02 जून से 06 जून 2024 तक (05 दिन)

# अयोध्या धाम

स्लीपर मात्र 7,500/-

अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम)

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,500/-, 2एसी-23,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 7,500/- 3 एसी-15,500/-, 2 एसी-17,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 13,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

| रिजर्वेशन कोच (11 दिन) |
|---|
| 06 मार्च से 16 मार्च 2024 |
| 03 अप्रैल से 13 मई 2024 |
| 08 मई से 18 मई 2024 |
| 22 मई से 01 जून 2024 |
| 05 जून से 15 जून 2024 |
| 24 जुलाई से 03 अगस्त 2024 |

राशि : 20,500/- रु., 3एसी-28,100/-, 2एसी-32,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 13,500/- 3 एसी-22,500/-, 2 एसी-28,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

स्पेशल ट्रेन से 04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक (06 दिन)

# गंगा सागर यात्रा

स्लीपर मात्र 7,500/-

गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,100/-, 2एसी-26,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 7,500/- 3 एसी-15,500/-, 2 एसी-20,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

## स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

**सुविधाएं : यात्रा के दौरान** - 1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में फैमलि वाईस ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा।

**नोट** : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी। 5. जो भी भक्तजन तीर्थ यात्रा करना चाहते हैं ! वह यात्रा की अंतिम तिथि से पहले अपनी बुकिंग करवा ले, क्योंकि मई माह में चार धाम तीर्थ स्थलों पे होटल व बस की बुकिंग फुल हो जाती है और समिति को आपके नाम से रेलवे ट्रेन में टिकट बनवानी रहती है! तो यदि रेलवे में वेटिंग लग जाती है! तो आप अपना यात्रा करने का उद्देश्य पूरा नहीं कर पाएंगे।

**सावधान** : जो भी भक्तजन तीर्थ यात्रा में जाना चाहते हैं वह अपनी बुकिंग श्री त्रिपुर यात्रा सेवा समिति के बैंक अकाउंट से ही करवाएं या www.tripuryatra.com पे ऑनलाइन करवाएं किसी भी युवक युवती के बहकावे में आकर पर्सनल नाम के अकाउंट में पैसे ना डालें कुछ युवक-युवती कॉल करके फर्जी तरीके से पर्सनल अकाउंट में पैसे डलवा कर ना यात्रा करवाते हैं और पैसे का गबन भी कर लेते हैं। पैसे लेकर अच्छी सुविधा उपलब्ध नहीं कराते, पूरे यात्रा केवल आपको परेशान करते रहते हैं।

**नियम एवं शर्तें** : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन पूर्व पूर्ण राशि का निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन पूर्व 50 प्रतिशत, 7 दिन पूर्व 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन पूर्व राशि वापसी नहीं हो पाएगी। 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योग्य नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अथवा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. समिति स्पेशल ट्रेन/ कोच के लिए रेलवे में आवेदन करेगी, परंतु किसी कारावश स्पेशल ट्रेन/ कोच रेल्वे से उपलब्ध नहीं हो पाती है तो उस स्थिति अनुसार आपको रिजर्वेशन कोच से यात्रा करनी रहेगी। सहमती पर ही बुकिंग करवायें। 6. एसी वाले भक्त जनों का स्पेशल ट्रेन व कोच में रामेश्वरम् यात्रा 23 दिसंबर के अलावा सभी यात्रा में एसी यात्री कम होने के कारण रिजर्वेशन कोच में ही यात्रा करनी रहती है कृपया अपनी सहमति पर ही बुकिंग करवाएं। 7. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 8. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

**अपने शहर/ गांव/ नगर में फ्रेंचाईजी के लिए संपर्क करें- 7035-411411**

नोट : 1. कृपया *www.tripuryatra.com* से टूर आईटनरी, नियम व शर्तो को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें। 2. तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

**संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति** - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षण एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव (छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), (एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता)

**समिति की उपलब्धियां** -
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- सात राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road, DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, RANCHI : Room No.- 401, Lod Suthiya Shivpuri Kishna Apartment, PATNA : 3rd Floor Shivam Complex Near Bank Of Baroda Bypass Road Khemnichak, Bhagalpur : Flat No 203 Sandis Compound Gate Above Vishal Mega Mart Bhagalpur, HARYANA: Panghal Travels 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

**संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com**

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04



सर्दियों में ये कुर्ता पहनकर दिखेंगी ...

## लाइव इवेंट

# प्रदेशभर के दिव्यांगजन हुए एकत्र नृत्य, भाषण, गायन संग रनवे स्पर्धा



रायपुर। छत्तीसगढ़ के दिव्यांग बच्चों के लिए प्रतिभा एवं रनवे प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। आराधना मानव विकास समिति द्वारा यह आयोजन किया गया। वीआईपी रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांग जनों की प्रतिभा को निखारने के लिए नृत्य, भाषण, गायन एवं रनवे प्रतियोगिता रखी गई। स्वामी विवेकानंद जयंती के थीम को ध्यान में रखते हुए सभी दिव्यांगजन भारतीय संस्कृति को प्राथमिकता देते हुए पारंपरिक परिधान में नजर आए। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों की वर्तमान में प्रासंगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। देशभक्ति गीतों पर रंगारंग परफॉर्मेंस छात्रों ने दी। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल और विशेष अतिथि विधायक संपत अग्रवाल रहे। योगेश अग्रवाल, समिति अध्यक्ष दुर्गेश शांडिल्य, कविता सोनी एवं राकेश सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 8 जिले से 73 दिव्यांगजन शामिल

प्रतियोगिता राज्य स्तरीय रही। 8 जिले से 73 दिव्यांगजनों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। 18 साल से कम एवं 18 साल से अधिक, दो हिस्सों में प्रतिभागियों को रखकर निर्णय लिया गया। निर्णायक के रूप में चंपा से यशु सोनी, बिलासपुर से पायल सेट रायपुर के केपीएस स्कूल से खिलेश्वरी बंधे एवं रायपुर से कविता सिंह उपस्थित रहीं। नृत्य में जूनियर ग्रुप में गरियाबंद की पूजा मालाबार प्रथम, ललित द्वितीय एवं पूजा मिश्रा तृतीय रहीं। सीनियर ग्रुप में धमतरी की आकृति प्रथम और मिथिलेश पटेल द्वितीय रहे। भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान जांजगीर चंपा के कृष्ण यादव एवं दूसरा स्थान रायपुर की मानसी का रहा।

### परंपरा आधारित प्रस्तुतियां

*कार्यक्रम में दिव्यांगजन ना केवल पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे हुए थे, बल्कि उनके द्वारा दी गई प्रस्तुतियां भी परंपरा आधारित ही रहीं। नृत्य और गायन के लिए जिन गीतों का चयन किया गया, वे सभी लोक जन-जीवन से जुड़े रहे। भाषण में भी प्रतिभागियों ने भारतीय परंपराओं के परिप्रेक्ष्य में अपने विचार रखे।*

## आराधना

# 10 हजार वर्गफीट में भव्य पंडाल आएगी नागपुर की ढोल ताशा पार्टी



रायपुर। सुप्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज श्रीमद् भागवत कथा का सुनाने के लिए 18 जनवरी को शाम 5 बजे रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद वे भारत माता चौक में आरती-पूजन के बाद निकलने वाली शोभायात्रा में भी शामिल होंगे। इसमें नागपुर की ताशा पार्टी व झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। 19 से 25 जनवरी तक आचार्य प्रतिदिन तीन बार श्रद्धालुओं से रूबरू होंगे। विशाल धर्मसभा में हैदराबाद के भाग्यनगर से भाजपा विधायक टी.राजा सिंह व अमरावती सांसद नवनीत राणा भी शामिल होंगे। कथा स्थल हनुमान मंदिर मैदान गुढ़ियारी में बनवाए गए कार्यालय में सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए आयोजक कान्हा, ओमप्रकाश व सुनील बाजारी ने यह जानकारी दी। वहीं ओंकार बैस, ओमप्रकाश मिश्रा के साथ ही समिति के अध्यक्ष विकास सेठिया, सचिव संजय मित्तल, अभिषेक अग्रवाल व दीपक अग्रवाल ने बताया कि 150 लोगों की टीम के साथ नागपुर की ढोल ताशा पार्टी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र होगी। इसमें चलित श्रीराम दरबार व बांके बिहारी की भव्य झांकी भी शामिल है। भारत माता चौक पर आरती के बाद शोभायात्रा शुरू होगी। जो क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचेगी।

### 56 भोग एवं रुक्मिणी विवाह

आगे बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण कथा स्थल पर किया जाएगा। कथावाचक की भव्य कथा रोज दोपहर एक से शाम को चार बजे तक होगी। इसका रायपुर से लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। 23 जनवरी को 56 भोग एवं 24 जनवरी को रुक्मिणी विवाह का भव्य आयोजन कथा स्थल पर होगा।

### प्राथमिक चिकित्सा व पूजन सामग्री के लिए स्टॉल

भागवत कथा के लिए अयोध्या राम दरबार का प्रतिरूप तैयार हो रहा है। इस मंच से ही आचार्य कथावाचन करेंगे। श्रोताओं के लिए 10 हजार वर्गफीट एरिया में भव्य डोम के साथ अन्य डोम की व्यवस्था होगी। आने वाले लोगों को पार्किंग की सुविधा भी दी जाएगी। कथा स्थल पर ही पानी, प्राथमिक चिकित्सा व पूजन सामग्री के लिए स्टॉल भी लगेंगे। वहीं अनिरुद्धाचार्य महाराज भक्तजनों से रोज तीन बार रूबरू होंगे। पहले सुबह 6 बजे से 10 बजे तक दीक्षा लेने वाले श्रद्धालुजनों से मिलेंगे। दूसरी बार कथा में और तीसरी बार मानस मंगल भवन में शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक लोगों की समस्याओं का निवारण करेंगे।

## स्टार्टअप दिवस आज : शहर के युवा उद्यमियों ने बदली तस्वीर

# मेडिकल कचरे को नष्ट करने 24 लाख का चैंबर एप से मोटर बंद-चालू करने की झंझट हुई खत्म

नई सोच और आइडिया के साथ किए जाने वाले अनोखे कार्य को स्टार्टअप का नाम दिया गया है। शहर के युवाओं ने अपनी उद्यमशीलता और कुशलता से सफलता का पैमाना ही बदलकर रख दिया है। यूनिक आइडिया से अपनी जिंदगी बदल दी और लोगों को जटिल समस्याओं का हल भी बताया दिया। हमने स्टार्टअप पर शहर के उन युवाओं से बातचीत की, जिन्होंने आमजनों को आधुनिक मशीनों की सौगात दी है, जिससे हर महीने उन्हें अब लाखों की आमदनी हो रही है। इन स्टार्टअप के लिए सरकार से भी उन्हें विशेष मदद ली है।


रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विवि के स्टार्टअप योजना से जुड़कर आईआईटी, इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स ने नवाचार पर स्टार्टअप शुरू किया है। ललित मेहता ने खेत में लगे पानी के मोटर को बंद-चालू की समस्या को नई मशीन बनाकर खत्म कर दिया है तो वहीं इंजीनियरिंग छात्र मिहिर दीक्षित ने कचरों का नष्ट करने चैंबर तैयार किया है, जो बिना प्रदूषण फैलाए इसे जला देता है। इसके अलावा एनआईटी की रिसर्च टीम ने सोलर पैनल के लिए अनोखा कन्वर्टर तैयार किया जो, समस्या आने पर पावर सप्लाई को बंद होने नहीं देता।

### बिजली बचाने दो साल रिसर्च, 43 लाख की फंडिंग

सोलर पैनल के लिए एनआईटी की रिसर्च टीम ने अनोखा कनवर्टर तैयार किया है, जिसकी मदद से समस्या आने पर बिजली की सप्लाई बाधित नहीं होगी। प्रोजेक्ट में प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ.ललित कुमार साहू ने बताया कि पॉवर इलेक्ट्रॉनिक कनवर्टर में कोई फाल्ट आने के बाद उसमें पावर सप्लाई बंद होती है या फिर पॉवर जनरेशन की क्षमता कम हो जाती है। इस समस्या को दूर करने हमने नए रूप में पावर कन्वर्टर डिजाइन किया है। कन्वर्टर के लिए टीम को यह दूसरी बार पेटेंट ग्रांट हुआ है। इसके पहले साल 2022 में भी टीम को फॉल्ट टॉलरेंट पॉवर कन्वर्टर के लिए पेटेंट ग्रांट मिला था।

### 2 साल के रिसर्च के बाद मिली सफलता

डॉ.ललित ने बताया कि साल 2017 में हमने साइंस एंड इंजीनियरिंग बोर्ड न्यू दिल्ली को एक प्रपोजल दिया था। कई स्क्रूटनी राउंड के बाद हमारा प्रपोजल चयनित हुआ और इसे पूरा करने के लिए 43.45 लाख की फंडिंग भी दी। 2 साल के रिसर्च और इनोवेशन के बाद हमने आईडिया को मॉडल के रूप में तैयार किया। इसे बनाने के लिए स्मार्ट कंट्रोल स्कीम का उपयोग किया गया है। इसके कन्वर्टर और उसके कंट्रोल दोनों में इनोवेशन किया गया है।



### 24 लाख में बनाई मशीन, अब बिक रही 40 लाख में

इंदिरा गांधी कृषि विवि से जुड़कर मैकेनिकल इंजीनियरिंग मिहिर दीक्षित ने चैंबर मशीन बनाया है, जो कचरा, अपशिष्ट पदार्थ और अस्पतालों के निकले कचरे को पूरी तरह से नष्ट कर देता है। इसके खास बात यह है कि 100 किलो कचरों को नष्ट करने पर केवल 10 प्रतिशत राख निकलता है। यह पर्यावरण को प्रदूषित भी नहीं करता। छात्रों ने बताया कि देश में इस तरह की कोई मशीन नहीं थी। दोस्तों के साथ मिलकर अपने आइडिया को स्टार्टअप का रूप दिया। 24 लाख की मदद से इसे बनाया है, जो देश में अब 40 लाख तक बिक रहा है। मशीन पर युवा चार सालों से काम कर रहे हैं।



### मोबाइल से कनेक्ट है डिवाइस

आईआईटी मैकेनिकल डिपार्टमेंट के फाइनल ईयर के स्टूडेंट ललित मेहता, कोटा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रमोद मेहता और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर कन्हैया लाल मेहता ने स्टार्टअप के रूप में पानी मोटर के लिए अनोखा एप तैयार किया है। इसकी मदद से मोबाइल से ही व्यक्ति अपने मोटर को चालू और बंद कर सकता है। इसे आवाज से भी संचालित किया जा सकता है। छात्रों ने बताया कि एप और डिवाइस ऑटोमेटिक सिस्टम की तरह कार्य करता है। अगर मोटर पर हाई लोड पड़ता है तो यह ऑटोमेटिक बंद हो जाता है। इससे मोटर जलने का खतरा नहीं रहता। यह इंटरनेट की मदद से काम करता है। ललित ने बताया, बार-बार मोटर चालू बंद करने के झंझट से बचने के लिए यह डिवाइस बनाया गया है।



### फार्मा इंडस्ट्री में रोजाना कई किलो वेस्ट

मिहिर ने पिछले दो सालों से स्टार्टअप शुरू किया है। उन्होंने बताया, 2017 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग से पढ़ाई करने के बाद फार्मा इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया था। 2 साल बाद जब मैंने फॉर्मा वेस्ट देखा तो मशीन बनाने का आइडिया आया। इस पर रिसर्च करने के बाद मॉडल तैयार किया है फिर योजना से जुड़कर इसे पूरी तरह से तैयार किया। फार्मा में रोजाना कई किलो वेस्ट निकलता है, जिसे नष्ट करने के लिए लाखों रुपए खर्च होते हैं।

### डिवाइस की कीमत 5 हजार

इस डिवाइस को सालभर का समय लगा। एक साल पहले ही रजिस्ट्रेशन कराया है। अभी डिवाइस की कीमत 5 हजार रुपए रखी है। एप के लिए कोई चार्ज नहीं ले रहे। स्टार्टअप में ललित सॉफ्टवेयर, प्रमोद हार्डवेयर और कन्हैया मार्केटिंग का जिम्मा संभालते हैं। घरों और खेतों के मोटर में भी ये सिस्टम यूज कर सकते हैं।

# मनोरंजक गतिविधियों संग विदाई, नम हुईं आखें

रायपुर। स्कूली जीवन को विदाई देते हुए छात्रों की आंखें नम हो उठी। मौका था कृष्णा पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल में 12वीं के छात्रों के लिए आयोजित विदाई समारोह का। 11वीं कक्षा के छात्रों ने अपने वरिष्ठों के लिए इसका आयोजन किया। नया रायपुर कैंपस में आयोजित इस समारोह में छात्रों ने बड़े धूमधाम से सीनियर्स को विदाई दी। ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों ने अत्यंत उत्साह के साथ इस कार्यक्रम की मेजबानी की। स्कूल परिसर छात्रों के लिए आशीर्वाद, शुभकामनाओं तथा रंगारंग कार्यक्रम की ध्वनियों से गूंज उठा। दीप प्रज्वलन उपरांत छात्रों द्वारा एक समूह गीत प्रस्तुत किया गया। बारहवीं कक्षा के छात्रों ने स्कूल में बिताए हुए पलों और अनुभवों को साझा किया तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के प्रेरक सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के माननीय अध्यक्ष एमएम त्रिपाठी एवं आनंद कुमार ने सभी छात्रों को सफलता का आशीष दिया। निदेशक अभिषेक त्रिपाठी, प्रिंसिपल विनीता मैराल सहित अन्य सभी शिक्षकों ने छात्रों को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दीं।



स्कूलों में शुरू हुआ विदाई समारोह का दौर

### मिस्टर फेयरवेल आदि और मिस फेयरवेल एंजल

जूनियर छात्रों ने कुछ मनोरंजक गतिविधियों की प्रस्तुति दी। इसमें ग्रुप डांस, बैलून गेम, हुलाहुप्स, नेम द ट्यून, फ्रीज डांस आदि शामिल रहे। प्रशंसा और प्यार के प्रतीक के रूप में बारहवीं कक्षा के छात्रों को उपहार के साथ विशिष्ट उपाधियों से सम्मानित किया गया। मिस्टर फेयरवेल आदि पिल्लै और मिस फेयरवेल एंजल लाहौरी बनीं। मिस्टर केपीएस लावण्य सोनी, मिस केपीएस प्रथा पटेल, मिस्टर ऑलराउंडर राहुल पांडेय तथा मिस ऑलराउंडर अनिका श्रीवास्तव रहीं।



# मूक-बधिर बच्चों संग मनाई संक्रांति

रायपुर। मूक-बधिरों व अन्य जरूरतमंदों की सेवा करने शहर के युवाओं द्वारा संस्था आरंभ की गई है। दुलार सेवा फाउंडेशन की शुरुआत मूक-बधिर बच्चों के साथ मिल कर की गई। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में फाउंडेशन के फाउंडर मेंबर व संरक्षक तथा सदस्यों ने मूक-बधिर बच्चों को तिल लड्डू के साथ कॉपी, पेन, पेंसिल, बांटकर मकर संक्रांति मनाई। साथ ही सभी बच्चों को फाउंडेशन की ओर से बधाई दी गई। फाउंडेशन सदस्यों संग त्योहार मना मूक-बधिर बच्चे उत्साहित नजर आए। अपनी खुशियां उन्होंने साझा की।

### बढ़ाएंगे शिक्षा का स्तर

फाउंडेशन के दिलीप तिवारी ने कहा, हम अपने फाउंडेशन की शुरुआत आज मूक-बधिर बच्चों संग कर रहे हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सेवा करना तथा समाज कल्याण के दृष्टिकोण से शिक्षा के स्तर को बढ़ाना और मानव कल्याण करना है। इस अवसर पर फाउंडर सदस्य नवीन जैन, ब्रम्हा सोनकर, दीपक सिंह, सुरेंद्र भारतद्वाज, राकेश नागवानी सहित अर्पण दिव्यांग संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, मृत्युंजय शुक्ला, डॉ. एसके शर्मा शिक्षक एवं अन्य समाज सेवी सेविका उपस्थित रहे।

## रायपुर पुलिस ने सड़क जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत निकाली बाइक रैली

# तख्तियां लेकर बाइक में सवार हुई ट्रैफिक पुलिस बताया, क्यों जरूरी है यातायात नियमों का पालन

कार्नर न्यूज

रायपुर। राजधानी की जनता उस वक्त कुछ देर के लिए सड़कों पर ठहर गई, जब उन्होंने बड़ी संख्या में ट्रैफिक पुलिस को बाइक में सवार होकर हाथों में तख्तियां लिए संदेश देते देखा। दरअसल सोमवार को सड़क सुरक्षा माह का भव्य शुभारंभ यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट जन जागरूकता बाइक रैली के साथ किया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता लाने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाने निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर गौरव सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सचिन्द्र कुमार चौबे सहित यातायात पुलिस के लगभग 150 अधिकारी-कर्मचारी बाइक रैली का हिस्सा बने। ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने हरी झंडी दिखाकर हेलमेट जागरूकता बाइक रैली को रवाना किया। रैली महतारी चौक से कालीमाई तिराहा, टीआई चौक, बूढ़ेश्वर चौक, पुरानी बस्ती, लाखे नगर चौक, आश्रम तिराहा, आमापारा, अग्रसेन चौक, तेलघानी नाका, स्टेशन चौक, फाफाडीह चौक, देवेंद्र नगर चौक, मरहीमाता चौक, खालसा स्कूल तिराहा, नंदकुमार पटेल चौक और ऑक्सीजोन होकर छग महतारी चौक में सम्पन्न हुई। इस दौरान आम नागरिकों से वाहन चालन के दौरान यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।



### दिए जाएंगे फूल

यातायात पुलिस प्रति वर्ष जनवरी माह में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित करती रही है। इसके तहत प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को यातायात निमयों का पालन करने जागरूक किया जाता है। नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

### छात्रों के बीच पहुंचेगी पुलिस

*सड़क सुरक्षा माह के दौरान शहर के विभिन्न स्कूल-कालेजों में यातायात पुलिस के प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। छात्रों को नियमों का पालन करने निर्देशित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे बसे गांवों में यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को यातायात निमयों से संबंधित गीत-संगीत के माध्यम से जागरूक करेंगे। अभियान 14 फरवरी तक लगातार संचालित किया जाएगा।*

### नाबालिक बच्चों को ना दें वाहन

*यातायात पुलिस ने समस्त वाहन चालकों से अपील की है कि नियमों का पालन कर वाहन चलाएं और नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न दे। दो पहिया वाहन चालान के दौरान हेलमेट का उपयोग, चार पहिया वाहन चालान के दौरान सीट बेल्ट लगाने, तीन सवारी न चलने, रॉन्ग साइड वाहन न चलाने एवं नशे की हालात में वाहन न चलाने का संदेश पुलिस ने दिया।*

## एजूकेशन अपडेट

# यूपीएससी ने जारी किए संयुक्त भू-वैज्ञानिक भर्ती परीक्षा परिणाम

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने संयुक्त भू-वैज्ञानिक परीक्षा के फाइनल रिजल्ट जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर यूपीएससी संयुक्त भू-वैज्ञानिक परीक्षा का फाइनल रिजल्ट देख और डाउनलोड कर सकते हैं। यूपीएससी ने चार पदों के लिए 258 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया है। आयोग ने उन उम्मीदवारों की मेरिट सूची जारी की है, जिन्हें भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में भूवैज्ञानिक समूह 'ए', भूभौतिकीविद् समूह 'ए' और केमिस्ट समूह 'ए' और केंद्रीय भूजल बोर्ड में वैज्ञानिक 'बी' (हाइड्रोजियोलॉजी) ग्रुप 'ए', वैज्ञानिक 'बी' (रासायनिक) ग्रुप 'ए' और वैज्ञानिक 'बी' (भूभौतिकी) ग्रुप 'ए'के पदों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया है। उम्मीदवारों का चयन फरवरी 2023 में प्रारंभिक परीक्षा, 24-25 जून को आयोजित मुख्य परीक्षा और नवंबर-दिसंबर में व्यक्तित्व परीक्षण के परिणामों के आधार पर किया गया है।

### एनआईटी के तनवीर को 83वां स्थान



एनआईटी के पीएचडी छात्र का संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त भू-वैज्ञानिक परीक्षा में भूवैज्ञानिक के रूप में चयन हुआ है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के तनवीर की ऑल इंडिया रैंक 83 आई है। तनवीर वर्तमान में संस्थान में शोध छात्र के रूप में 'इग्नियस पेट्रोलॉजी एंड जियोकेमिस्ट्री' के क्षेत्र में अपना शोध कर रहे हैं। तनवीर लेह पोषण परियोजना का भी हिस्सा रहे हैं, जिसका नेतृत्व एप्लाइड जियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. डीसी झारिया कर रहे हैं।

## कैंपस इवेंट

# नर्सरी विद्यार्थियों के नृत्य ने बटोरी पालकों की तालियां




**रायपुर।** पापा की परी हूं... गीत पर दी गई प्रस्तुति ने जहां दर्शकों से तालियां बटोरी तो वहीं कैसे नैनों से नैना मिलाऊ सजना... युगल नृत्य ने दर्शकों को भी थिरकने को विवश किया। यह सिलसिला सुंदर नगर स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में करीब तीन घंटे तक चलता रहा। बैस कुर्मी क्षत्रिय समाज भवन में वार्षिकोत्सव 'मुस्कान एनुअल फिएस्टा' में नर्सरी से लेकर क्लास 5 में पढ़ने वाले बच्चों ने भी उत्साह से नृत्य पेश किया। नर्सरी के बच्चों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इसे दर्शकों और पालकों ने भी खुले मन से सराहा।

### मनमोहक नृत्य से मंच राममय

छत्तीसगढ़ी गीत 'हमरपारा तुहंरपारा' की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों से तालियां बटोरी। राम आएंगे... की मनमोहक से सारा माहौल राममय हो गया। प्राचार्य नैना बोधनकर ने बताया, कोरोना काल में दो साल वार्षिकोत्सव नहीं हुआ। यह सातवां आयोजन सभी बच्चों के लिए उत्साहवर्धक रहा है। उन्होंने शैक्षणिक संस्था में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए की जाने वाली सभी गतिविधियां की जानकारी दी। प्राचार्य ने इस सफल आयोजन के लिए सभी पालकों, दर्शकों सहित संस्था के सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया।

## सिटी इवेंट

# किड्स कार्निवाल में बच्चों को मिले सेहतमंद रहने टिप्स



**रायपुर।** बच्चों के लिए किड्स कार्निवाल का आयोजन सप्ताहंत में किया गया। मोवा स्थित डेकाथलान में नूट्रिशिल्प संस्था द्वारा यह आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के लिए कई तरह की गतिविधियां आयोजित करने के साथ ही उन्हें बताया गया कि किस तरह से हेल्थी डाइट से वे अपनी सेहत दुरस्त रख सकते हैं। यहां विभिन्न गतिविधियों के लिए स्टॉल बनाए गए, जिसमें हेल्थी फूड स्टॉल, गेम्स, आर्ट एंड क्राफ्ट शामिल रहे। बच्चों ने डांसिंग, सिंगिंग, ड्राइंग, जिमनास्टिक्स में हिस्सा लिया। सभी बच्चों को मेडल सहित कई उपहार दिए गए। डायटीशियन डॉ. शिल्पी गोयल, दीपक गोलानी, नवीन सहित अन्य पालकजन शामिल रहे।

### जाने म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट के बेसिक

सिंगिंग में ऐश्वर्या साहू, डांस जूनियर में अक्ष सोनी, डांस सीनियर में टी.तनुश्री, जिमनास्टिक में मीरा सोनी एवं आरोही विजेता रही। फ्री वर्कशॉप में स्पोर्ट्ज मेनिया द्वारा म्यूजिकल फिटनेस कराया गया। डॉ.सोनम अग्रवाल द्वारा ओरल हाइजीन के बारे में बताया गया। यंग इंडिया के सदस्यों ने गुड टच और बैड टच के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। म्यूजिकल अकादमी द्वारा म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट को कैसे सीखें, इसके बारे में बताया गया। बच्चों संग उनके पालकों में भी इसे लेकर उत्साह दिखा।



# 65 हजार दीपों से अलंकृत मंदिर प्रांगण



> मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मंदिरों ही नहीं बल्कि मठों में भी भक्तिमय माहौल रहा। इसमें हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए। सुबह अय्यप्पा मंदिर में भक्ति-भाव से उत्सव मनाने के लिए परिवार के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं ने मिलकर 65 हजार दीपों की श्रृंखला सजाई। कुटुम्ब की सुख-समृद्धि के लिए 52 लोगों ने कुटुम्ब ज्योत भी जलाई। इससे शाम को मंदिर में दीवाली जैसा दृश्य नजर आया।







**रायपुर।** टाटीबंध स्थित अय्यप्पा मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर पूजा-आराधना के चलते उत्सव जैसा माहौल रहा। इसका शुभारंभ ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर की पवित्र सीढ़ियों के खुलने के साथ हुआ। सुबह 4.30 बजे प्रभात भक्तों ने क्षेत्र में फेरी लगाई गई। इसके बाद ही निर्माल्य दर्शन, गणपति हवन के साथ ऊषा पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने पल्लीकेट्टु सहित जिन लोगों ने 41 दिनों तक व्रत नियम का पालन किया, ऐसे श्रद्धालुओं द्वारा 18 पवित्र सीढ़ियों का आरोहण किया। इसके बाद घी अभिषेकम्, अवरोहण किया। इसके बाद आम लंगर का आयोजन किया गया।

### मकर संक्रांति महात्म्य का वाचन

दूधाधारी मठ व जैतूसाव मठ में मकर संक्रांति पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया गया। इसमें भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई। शाम को राजेश्री महंत रामसुन्दर दास महाराज ने जैतूसाव मठ एवं दूधाधारी मठ में विशेष पूजा-अर्चना की। इसमें मठ के उपरोहितों ने आरती के बाद मकर संक्रांति महात्म्य का वाचन भी किया। इसका राज्य तथा देश के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक परिस्थिति और विभिन्न राशि वाले लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव का विस्तार से वर्णन भी किया। श्रद्धालुओं को तिल एवं लाई के लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया।

### तेल-बत्ती से सजी दीपों की ओली

अय्यप्पा मंदिर में शाम को 5 से रात 9 बजे तक दीपोत्सव जैसा माहौल बना। लोग घर से तेल व बत्ती लेकर पहुंचे। 65 हजार दीप अलंकार, दीपाराधना एवं आरती में सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। मकर ज्योत जलाने से मिलने वाले पुण्य लाभ के लिए लोग मकर संक्रांति पर तेल व बत्ती साथ लेकर दीपों की श्रृंखला हर साल सजाते हैं। सेवा संघम के अध्यक्ष गोपाल मेनोन की अगुवाई में सुबह और शाम को अलग-अलग तरह के धार्मिक आयोजन किए गए। नव वर्ष में ग्रहों की विपरीत दशाओं के कारण संभावित दोषों से मुक्ति के लिए लोगों ने शनिश्वर भगवान श्री अय्यप्पा मंदिर में सोमवार को मकर संक्रांति के दिन कई धार्मिक अनुष्ठान किए।

## पाबंदी हटी तो खिले चेहरे






रायपुर। गांधी उद्यान में लगाए गए तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का सोमवार को अंतिम दिन रहा। प्रदर्शनी के शुरुआती दो दिन लोगों का फूलों को छूने की अनुमति नहीं दी गई थी, लेकिन अंतिम दिन इस तरह की कोई पाबंदी नहीं रही। इसका लुत्फ उठाते लोगों ने ना सिर्फ विभिन्न प्रजातियों के पौधों संग सेल्फी ली, बल्कि फूलों के करीब जा पाने की खुशी भी उनके चेहरे पर स्पष्ट रूप से नजर आई।





# बड़ी बातें ना करें वक्ता, दिलों में उतरती हैं सामान्य और सहज बातें



**रायपुर।** एक वक्ता हमेशा देने के लिए होता है। उसे श्रोताओं से प्रशंसा पाने की उम्मीद से नहीं बल्कि देने के उद्देश्य से अपनी बातों को प्रभावी तरीके से रखने का प्रयास करना चाहिए। ये बातें व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक मुकेश शाह ने कही। कोलंबिया कॉलेज और कोलंबिया कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स द्वारा प्रभावी भाषण कला पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। छात्रों ने न केवल भाषण कला के अनेक उपयोगी पहलूओं को जाना, बल्कि संवाद के तरीके भी समझे। विशेषज्ञों ने कहा, वक्ता को बहुत बड़ी-बड़ी बातें करने से बचना चाहिए, क्योंकि बड़ी बातें तात्कालिक तौर पर प्रशंसा तो दिला सकती हैं किंतु सामान्य और सहज बातें ही दिल में उतरती हैं। बहुत ही सरलता और सौम्यता से कही गई बातें श्रोताओं को ज्यादा प्रभावित करती हैं।

**छात्रों को मिले प्रभावी भाषण के टिप्स**

### सावधानी से करें हाव-भाव और शब्दों का चयन

प्रशिक्षण में पांच डब्ल्यू और एक एच के सिद्धांत को प्रभावी भाषण का प्रमुख हिस्सा बताया गया। इसमें छात्रों ने सीखा कि किस प्रकार से वे अपने भाषण की तैयारी करें। इसके अलावा, माइंडसेट, बॉडी लैंग्वेज, मंच पर चेहरे के हाव-भाव, शब्दों का चयन, आवाज के उतार-चढ़ाव और पहनावे पर भी जोर दिया गया। छात्रों को बताया गया कि एक प्रभावी वक्ता बनने के लिए एक अच्छा श्रोता होना बहुत आवश्यक है। साथ ही घर में भाषण के पूर्व दो-तीन बार बोलकर अभ्यास करने से भी आत्मविश्वास बढ़ता है।

### आत्मविश्वास की कमी नहीं छोड़ पाती है छाप

वक्ताओं ने छात्रों को टिप्स देते हुए कहा, आत्मविश्वास प्रभावी भाषण की सबसे प्रमुख कुंजी है। सारी तैयारी करने के बाद भी आपके आत्मविश्वास में कमी से आपका भाषण श्रोताओं पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाता है। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. आभा दुबे, आनंद श्रीवास्तव सहित अकादमी के अन्य सदस्यों की उपस्थिति ने इसे और भी गरिमामय बनाया। छात्र-छात्राओं ने कहा, उन्हें इस प्रकार के प्रशिक्षण से बहुत लाभ हुआ है।

## लालपुर के मौसम विज्ञान केंद्र में मौसम जांच करने वाली मशीनों की लगाई गई प्रदर्शनी

# रेडियोसोंडे मशीन से वैज्ञानिक मौसम की करते हैं भविष्यवाणी, वेदर बैलून से पता लगाते हैं तापमान

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** मौसम अपना रंग कैसे बदलता है, शहर में कितनी बारिश हुई और ठंड में का तापमान कैसे बढ़ता और घटता है, छात्रों के इन सवालों का जवाब मौसम वैज्ञानिकों ने मशीन के जरिए दिया। सोमवार को लालपुर के मौसम विज्ञान केंद्र में मशीनों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसका अवलोकन करने स्कूली छात्र पहुंचे हुए थे। वैज्ञानिक ने बताया, मौसम में बदलाव दिन-प्रतिदिन नहीं, बल्कि कभी-कभी तो कुछ घंटों में हो जाता है।

छात्रों को बताया गया कि मौसम व उससे निर्धारित होने वाली जलवायु के लिए कुछ मूल तत्व हैं, जिनमें तापमान आर्द्रता, वायु का दबाव या वायुभार, उसके बहाव की दिशा, बादल, वर्षा आदि प्रमुख है। मौसम की जानकारी प्राप्त करने एनीमोमीटर, शुष्क बल्ब, तापमापी और ड्रे ब्लब थ्ररेमोटेर जैसे यंत्रों का इस्तेमाल किया जाता है। स्कूली छात्र इस तरह की प्रदर्शनी से खास तौर पर उत्साहित नजर आए। उन्होंने मौसम से जुड़े कई सवाल किए। इनके जवाब विशेषज्ञों द्वारा उन्हें दिए गए।



### वेदर बैलून में मिलता है सिग्नल

वेदर बैलून हाइड्रोजन गैस से भरा गुब्बारा होता है। मौसम विभाग रेडियोसोंडे नामक उपकरण में सेंसर लगाकर दिन में छोड़ते है। ये गुब्बारे 12 किमी ऊपर तक जाने में सक्षम होते हैं। उड़ते समय इनमें लगे सेंसर पर रेडियो सिग्नल भेजते हैं, जिसकी मदद से मौसम वैज्ञानिक बारिश की भविष्यवाणी कर पाते हैं।



### पवन वेग मशीन से हवा की जानकारी

मशीनों के उपयोग किस तरह और किस समय किया जाता है। इसकी पूरी जानकारी बच्चों को दी गई। वैज्ञानिक ने बताया कि किसी स्थान पर तापमान सदैव एक-सा नहीं रहता, बल्कि सदैव बदलता रहता है। रात-दिन के 24 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान जानने तापमापी यंत्र का उपयोग किया जाता है जिससे अधिकतम-न्यूनतम तापमापी का पता लगा है। अब आधुनिक मौसम विज्ञान केंद्रों में पवन वेग मापी यंत्रों के साथ इलेक्ट्रॉनिक यंत्र तथा कंप्यूटर लगा दिए गए हैं, जिससे हवा की बदलती दिशा और गति की पूरी जानकारी मिल जाती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### नवा रायपुर प्रीमियर लीग में बल्लेबाजों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन



**नवा रायपुर।** नवा रायपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है। संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि इस वर्ष टूर्नामेंट में विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालय एवं मंत्रालय की 60 टीमों ने शामिल होकर हर मुकाबला को रोमांचक बना दिया है। एनपीएल सोमवार को चार मैच खेले गए। पहला मैच संचालनालय ग्रामोद्योग विभाग इंद्रावती भवन और सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग रायपुर के बीच मैच खेला गया। ग्रामोद्योग विभाग की टीम टॉस जीत कर निर्धारित 8 ओवर में 111 रन बनाए। 112 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएमएचओ की टीम मात्र 47 रन ही बना सकी। इस प्रकार मैच ग्रामोद्योग टीम ने 64 रन से जीत लिया।

दूसरा मैच अरपा फाइटर्स और विधिक माप विज्ञान नापतौल इंद्रावती भवन के बीच मैच खेला गया। इसमें अरपा फाइटर्स ने 108 रन बनाए। नापतौल विभाग मात्र 69 रन ही बना सकी। अरपा फाइटर्स ने 49 रनों से मैच जीत लिया। तीसरा मैच संचालनालय आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग और मंत्रालय सुरक्षा के बीच हुआ। इसमें मंत्रालय सुरक्षा की टीम ने 121 बनाए। इसके जवाब में टीम सांख्यिकी मात्र 46 रन ही बना सकी और मैच हार गई। चौथा मैच संचालनालय उद्यानिकी इंद्रावती भवन एवं श्रम विभाग के बीच खेला गया। श्रम विभाग की टीम ने 72 रन का लक्ष्य दिया। श्रम विभाग की टीम 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 63 रन ही बना पाई और ये मैच उद्यानिकी ने 8 रन से मैच जीत लिया। मैच को सुचारु रूप से संपन्न करवाने में रामसागर कोसले, संतोष कुमार वर्मा, डीडी तिग्गा, जय साहू, जगदीप बजाज, सुरेश ढीढी, कुलदीप भगत, लोकेश वर्मा, जीआर परसे, रवि देवांगन, गालव चंद्राकर, राघव साहू, विष्णु पाटेकर, प्रेषक साहू, रमन साहू, चेतन कंड्रा का योगदान रहा।

### पैरा स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों ने किया प्रदेश का नाम रोशन, जीते 6 पदक




**रायपुर।** 22वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 9 से 13 जनवरी तक गोवा पणजी में आयोजित हुई। इसमें छत्तीसगढ़ पैरा एथलेटिक्स टीम बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 6 मेडल प्राप्त किए। इसमें 4 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 कांस्य पदक अपने नाम किया। इसमें कलाराम पटेल ने लॉन्ग जंप और 100 मीटर में गोल्ड मेडल हासिल किया। छोटी मेहरा ने शॉट पुट थ्रो में ब्राउन मेडल, डिसकस थ्रो में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। सुखनंदन निषाद ने 100 मीटर में गोल्ड मेडल, लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे सभी खिलाड़ियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें में लकी यादव, राकेश पोटम, कमलेश निषाद, श्रेया रानी, संगीता मसीह, राजेंद्र गहनी, बुद्धेश्वर नाग ने अच्छा प्रदर्शन किया। टीम मैनेजर के रूप में निशा ओझा ने अच्छी भूमिका निभाई। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के साथ गाइड रनर संजय पैकरा, जीतराम, स्कॉट में निरंजन साहू, डीकेश टंडन उपस्थित रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर आरसी मिश्रा, सूरज यादव, प्रशांत सिंह रघुवंशी, नरेंद्र मिश्रा, नीता डूमरे, प्रमोद तिवारी, धर्मवीर ने शुभकामनाएं दी।

### सोते समय पैरों में होती है ऐंठन नहीं करें नजरअंदाज

**नई दिल्ली।** कई लोग रात में सोते समय पैरों में ऐंठन या किसी तरह की संसेशन की शिकायत करते हैं। इसके चलते उनके लिए सोना तक दुश्वार हो जाता है। आमतौर पर लोग इस परेशानी को हल्के में लेते हैं और इसके आदि हो जाते हैं। लेकिन, आगे चलकर यह लापरवाही उन्हें भारी पड़ सकती है।



**विटामिन बी की कमी :** एक शोध में साफतौर से बताया गया है कि शरीर में विटामिन बी की कमी रेस्टलेस लेग सिंड्रोम के जोखिम को बढ़ाती है। शरीर में विटामिन बी की कमी न हो इसके लिए डाइट में सेब, संतरा, कीवी, योगर्ट, चीज, केला, मटर, नट्स आदि का सेवन करें। नॉन वेजिटेरियन हैं तो चिकन, सैल्मन व टूना फिश का सेवन फायदेमंद होगा।

**भरपूर लें विटामिन डी :** रात को पैरों में सुन्नता व ऐंठन की शिकायत विटामिन-डी की कमी के कारण भी हो सकती है। दरअसल, शरीर में जब विटामिन डी की कमी होती है तो इसका सीधा असर हड्डियों पर पड़ता है। हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और नसों से जुड़ी समस्या की स्थिति पैदा हो सकती है।

**दूध से पूरी करें कैल्शियम की कमी :** शरीर में कैल्शियम या आयरन की कमी के चलते भी रात में सोते समय पैरों में ऐंठन हो सकती है। इससे बचाव के लिए कैल्शियम युक्त खाद्यों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। कैल्शियम के लिए दूध, चीज, योगर्ट, बादाम आदि का सेवन करें।

● गलत पॉस्चर और कई बार झटका लगने पर दर्द शुरू हो जाता है

# कम उम्र में सताने लगा है कमर दर्द बचने के लिए अपनाएं घरेलू उपाय

**नई दिल्ली।** पीठ दर्द से चलना फिरना और बैठना मुश्किल हो जाता है। 30-35 साल की उम्र में ही लोग कमर दर्द से परेशान रहने लगे हैं। ऑफिस में घंटों बैठकर काम करना, गलत पॉस्चर और कई बार झटका लगने पर दर्द शुरू हो जाता है। कुछ लोगों को वजन उठाने से भी कमर दर्द की शिकायत होने लगती है। कई बार इतना तेज दर्द होता है कि उठने-बैठने में भी परेशानी होती है। लंबे समय तक इसे नजरअंदाज करना आपकी मुश्किल बढ़ा सकता है। इससे समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए कमर दर्द के लिए ये घरेलू उपाय जरूर अपना लें।



### मालिश करवा लें

जिन लोगों को कमर दर्द की समस्या रहती है उन्हें कभी कभी कमर की मालिश जरूर करवा लेनी चाहिए। लंबे समय तक बैठ रहने से कंधे और कमर में दर्द होने लगता है। सरसों के तेल में और मेथी डालकर गर्म कर लें और इससे हफ्ते में 1-2 बार मालिश करवा लें। इससे आपको काफी रिलेक्स फील होगा।



### सिकाई से मिलेगा आराम

दर्द में सिकाई करने से बहुत आराम मिलता है। अगर आपको कमर में तेज दर्द है तो गर्म या ठंडे पैक से सिकाई जरूर करें। आप आइस पैक या हॉट वॉटर से सिकाई कर सकते हैं। इससे आपको तुरंत आराम मिल जाएगा। आप चाहें तो ठंडा और गर्म पानी दोनों से एक एक बार सिकाई कर सकते हैं।

### वॉक करें

सौ बीमारियों का इलाज है आपकी रोजाना की वॉक, इसलिए वॉक को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा जरूर बनाएं। रोजाना वॉक करने से कमर के दर्द में भी आराम मिलता है। ऑफिस में घंटों एक ही कुर्सी पर बिताने के बाद आपको दिन में कम से कम 1 घंटे वॉक जरूर करनी चाहिए।

### पोश्चर ठीक रखें

कमर दर्द का बड़ा कारण खराब पोश्चर भी है। इसलिए जब भी लंबे समय तक बैठें अपने पोश्चर यानि बैठने के तरीका का ध्यान रखें। सही और आरामदायक कुर्सी पर बैठें। ज्यादा झुककर काम न करें। बीच-बीच में थोड़ा उठें और स्ट्रैचिंग जरूर करें।

### एक्सरसाइज करें

कमर में दर्द होने पर नियमित रुप से योग या फिर एक्सरसाइज करें। इससे काफी आराम मिलेगा। कमर दर्द होने पर भुजंगासन कर सकते हैं। इससे रीड की हड्डी में आराम मिलता है। रोजाना मकरासन करने से भी आराम मिलता है।

# सूर्यदेव का मकर राशि में प्रवेश इन राशियों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली।** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य देव को सभी ग्रहों में प्रमुख माना जाता है। यह ऊर्जा के मुख्य स्त्रोत होते हैं। कुंडली में अगर सूर्य मजबूत स्थिति में हो तो व्यक्ति जीवन में खूब तरक्की करता है, इसके साथ ही समाज में उनका मान-सम्मान बढ़ता है। पंचांग के अनुसार सूर्य देव पौष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी 15 जनवरी को देर रात 2 बजकर 43 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे, इसके साथ ही सूर्य देव 24 जनवरी को श्रवण और 7 फरवरी को धनिष्ठा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। फिर सूर्य 13 फरवरी को मकर राशि से निकल कर कुंभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे।

### इन राशियों को होगा लाभ

सूर्यदेव 15 जनवरी को मकर राशि में गोचर करेंगे, इस राशि में सूर्य देव उच्च के होते हैं। वहीं, इस राशि के स्वामी शनि देव हैं। मकर राशि के जातक पर शनि और सूर्य देव की विशेष कृपा बरसती है। सूर्य के गोचर से मकर राशि के जातक को सभी क्षेत्रों में लाभ प्राप्त होगा। करियर और कारोबार में भी सफलता मिलेगी। मकर राशि वाले जातक को नौकरी के लिए ऑफर मिल सकता है।



**मेष राशि :** देव गुरु मेष राशि में विराजमान हैं। मेष राशि के जातक पर विशेष कृपा बरस रही है। वहीं, सूर्य के राशि परिवर्तन से मेष राशि को विशेष लाभ होगा। इस राशि के जातक को नौकरी और प्रमोशन के योग हैं। कारोबार में भी तेजी देखने को मिलेगी।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि वालों के लिए सूर्य का गोचर बेहद खास रहेगा। आपको आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। करियर के मामले में इस राशि के लोग बहुत भाग्यशाली रहने वाले हैं। किसी अच्छी जगह से नौकरी का ऑफर आ सकता है, इसके साथ ही धन लाभ का योग बनेगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातक के लिए सूर्य देव प्रथम भाव का स्वामी है। सूर्य का मकर राशि में गोचर आपको करियर में अच्छी सफलता और पहचान दिलाएगा। आपको नौकरी में पदोन्नति और प्रोत्साहन प्राप्त होगा। ऑफिस में वरिष्ठों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु राशि :** धनु राशि से सूर्य देव के निकलने के बावजूद इस राशि के जातकों को लाभ प्राप्त होगा, इस राशि के जातक को धन लाभ के योग हैं। पिता से चल रहा मनमुटाव दूर होगा। आपके जीवन में संतुष्टि आएगी। भाग्य का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि के संकेत हैं।

**मीन राशि :** मीन राशि के जातक का भाग्योदय होगा। आपकी आय में वृद्धि होने का योग है। आय के नए स्तोत्र बनेंगे। रुका हुआ बिजनेस अचानक से चलने लगेगा। कुल मिलाकर 13 फरवरी तक मीन राशि के जातकों का समय शुभ रहने वाला है। सूर्य देव की पूजा-उपासना अवश्य करें।

# बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में मिस्टर रायपुर बने राबिन सिंह



**रायपुर।** बूढ़ा तालाब स्थित बुदेश्वर मंदिर भवन में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन और छग प्रदेश बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन भिलाई की ओर से किया गया। इस संबंध में संस्था के सचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि रात दो बजे तक चली पांच लाख बजट वाली प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण मिस्टर रायपुर, मिस रायपुर को शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व कृषि बीज निगम के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल ने पुरस्कृत कर खिताब से नवाजा। मिस्टर रायपुर राबिन सिंह बने, जबकि मिस रायपुर कामेश्वरी बाघ, मिस फिटनेस संजना भन्नेत, मिस्टर मेंस स्पोर्ट्स फिजिक वाशु निषाद, मि दिब्यांग ए सिवा राव बने। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अरविंद सिंह भिलाई, महेंद्र टेकाम भिलाई, दुर्गेश साहू, हेमंत परमाले, डीएनएन राव, शशि बाघ, निर्मल भारती, पोषण बांधे, धर्मेंद्र दास चिरमिरी थे।

# स्कूबा डाइविंग और स्नॉर्कलिंग को नहीं समझें समान

**नई दिल्ली।** आजकल लोगों में स्कूबा डाइविंग और स्नॉर्कलिंग करने का शौक बढ़ता जा रहा है। एक तरफ जहां लोग स्पेशल विदेश जाकर स्कूबा डाइविंग करना पसंद करते हैं, तो वहीं अब भारत में भी ऐसे एडवेंचर होने लगे हैं। जिन्हें पानी में तैरना पसंद है और जो पानी में मौजूद तरह-तरह की मछलियों और अन्य प्रजातियों को देखने का शौक रखते हैं वह स्कूबा डाइविंग और स्नॉर्कलिंग करते हैं। लेकिन कई लोग यह नहीं जानते कि स्कूबा डाइविंग और स्नॉर्कलिंग दो अलग चीजें है। अगर आप पहली बार इस एंडवेचर का मजा लेने जा रहे हैं, तो आपको इन दोनों के बीच अंतर को जान लेना चाहिए।



### स्नोर्कल ट्यूब का होता है इस्तेमाल

स्नॉर्कलिंग के लिए व्यक्ति को एक स्नोर्कल ट्यूब दिया जाता है, जो उन्हें हवा में सांस लेने में मदद करता है। इससे व्यक्ति पानी के अंदर तो जाते हैं, लेकिन केवल सतह तक रह रहते हैं। पाइप पानी के ऊपर जितनी दूर तक रहेगा, आप उतनी ही पानी के अंदर जा सकते हैं। इसके साथ ही स्वीमर को डाइव मास्क और एक वेटसूट पहनाया जाता है। इसे करने के लिए लाइफ जैकेट भी दिया जाता है। यह उन लोगों के लिए होता है, जिन्हें तैरना नहीं आता।

### क्या होता है स्नॉर्कलिंग

कई लोग स्नॉर्कलिंग और स्कूबा डाइविंग को एक समझते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है क्योंकि स्कूबा डाइविंग में आप पानी के अंदर जितनी मर्जी अंदर जा सकते हैं। स्नॉर्कलिंग में ऐसा नहीं होता है। दरअसल, भारत में ऐसी कई जगह है जहां आप केवल स्नॉर्कलिंग कर सकते हैं। यहां स्कूबा डाइविंग नहीं कराई जाती। लोगों को लगता है कि स्कूबा डाइविंग का मतलब स्नॉर्कलिंग ही है, क्योंकि दोनों ही चीजें पानी में होती है। लेकिन यह दोनों एक दूसरे से बिल्कुल अलग है। स्नॉर्कलिंग का मतलब होता है पानी की सतह तक तैरना। यह उन लोगों के लिए यह जो पानी में बिल्कुल अंदर तक जाने से डरते हैं या जिन्हें पानी में जाना पसंद है, लेकिन सांस लेने में दिक्कत होती है। ऐसे लोग स्नॉर्कलिंग करना पसंद करते हैं।

### क्या होती है स्कूबा डाइविंग

स्कूबा डाइविंग का मतलब होता है पानी के नीचे तैरना, यानी पानी के अंदर डाइविंग। इसे करने के लिए स्कूबा गोताखोर अपने साथ एक सिलेंडर के आकार का इक्युपमेंट लेकर चलता है, जिसकी मदद से वह सांस ले पाता है। इसे स्कूबा के नाम से जाना जाता है।

इसकी मदद से ही वह पानी के अंदर सांस ले पाते हैं। इसकी मदद से वह पानी के अंदर चाहे कितनी देर तक भी रहे, वह जिंदा रह पाते हैं। इसमें आप पानी के अंदर बिलकुल सतह तक भी जा सकते हैं। लेकिन स्नॉर्कलिंग इससे पूरी तरह अलग होता है। डाइविंग में ऑक्सीजन सिलेंडर की आवश्यकता होती है, लेकिन स्नॉर्कलिंग में ऐसा नहीं होता है।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
7067183593
6263818152

राजगुरु ज्योतिष रायपुर
एक ही मुलाकात में अद्भुत चमत्कार (100 प्रतिशत गारंटी)
₹100 फीस
जन्म पत्रिका, गृह कलेश, संतान योग, सास बहू में झगड़ा, टूटे संबंध जोड़ना, मनचाहा प्यार, पति पत्नी अनबन, शत्रुनाश, लव प्रॉब्लम, सौतन से परेशान, तलाक प्रेम विवाह, खोया प्यार वापस, वशीकरण, भूमि लाभ
सभी बात गुप्त रहेंगी जीवन की A to Z समस्याओं का निवारण के लिये कॉल करें। 8889131176
ब्राम्हणपारा, आजाद चौक, रायपुर (छ.ग.)

GK Electric
शान से चलाएं जम के कमाएं
आसान फायनेंस
न्यूनतम डाऊनपेमेन्ट
एक्सचेंज सुविधा
GK MOTORS
RAIPUR- K.K. Road - 9617707976 BHANAPURI - 9826428078 LALPUR - 8718020460 BHATAGAON - 8966000229
BHILAI - 8966000669 DURG - 7773012910 RAJNANDGAON - 8966000667

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

इस त्यौहार शान से चलायें, दिवाली ऑफर्स के साथ अभी घर लाएं...
मात्र 25000/- डाउनपेमेंट
दिवाली धूम 8000/- नगद छूट
हर गाड़ी के साथ निश्चित उपहार
Vinayak DE-MOTORS
गवर्नमेंट सब्सिडी उपलब्ध | आसान फाइनेंस | नवीनतम टेक्नोलॉजी से लैस
Call for Booking: 9406080682, 9827190877, 9993249054
Add.: Sita Tower, Beside Radha Mohan Tower, Bhaisthan Road, Raipur (C.G.)

CITYLIF ई-रिक्शा SAH Yatri
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
मात्र 10000/- रू.
डाऊनपेमेंट देकर ई-रिक्शा घर लेकर जायें
(बाकी रकम आसान किश्तों में)
करन मोटर्स
• स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर
• जग्गी काम्प्लेक्स, पुलिस लाईन के सामने रायपुर
• हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

मानसरोवर
होलसेल डिपो
AC COMFORTER सिंगल बेड ₹ 325/- से
AC COMFORTER डबल बेड ₹ 445/- से
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तालाब, रायपुर | 78800-02708
मानसरोवर 80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर (छत्तीसगढ़)
7880002711, 7880002704
(GST APPLICABLE)

## फिल्म इवेंट

### टॉलीवुड

## अब ओटीटी पर धमाल मचाएंगी प्रभास की सालार




**चेन्नई।** प्रभास की 'सलार' बीते महीने 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। प्रशांत नील के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने प्रभास ने जबरदस्त कमबैक किया है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 24 दिनों में वर्ल्डवाइड 715 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन किया है, जबकि देश में इसने 403 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। इसी बीच एक्टर के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी भी आ गई है। 'सालारः पार्ट-1 सीजफायर' जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। प्रभास के साथ ही 'सालार' में पृथ्वीराज सुकुमारन, जगपति बाबू और श्रुति हासन भी हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया ने सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि यह फिल्म अब जल्द ही उनके ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर पोस्ट किया है। इसमें लिखा है कि सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद 'सालार' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में स्ट्रीम होगी। हालांकि, इसमें यह नहीं बताया गया है कि फिल्म के हिंदी वर्जन को कब रिलीज किया जाएगा। साथ ही ओटीटी रिलीज की तारीख को लेकर भी कोई ऐलान नहीं है।

### हॉलीवुड

## नए म्यूजिक एलबम के साथ लौटी जेनिफर लोपेज



**लॉस एंजेलिस।** जेनिफर लोपेज एक बहुमुखी संगीतकारऔर एक आइकन हैं, जिन्होंने चार बार शादी भी की है। लेकिन इस सब के बावजूद, वह खुद को बहुत गंभीरता से नहीं लेती है। उनका फॉर्म एक बार फिर उनके नवीनतम एकल एल्बम में दिखाई दे रहा है। जेनिफर लोपेज ने अपने नौवें स्टूडियो एलबम का पहला एकल डेब्यू किया। लोपेज का नया एलबम 'दिस इज़ मी ... नाउ' 16 फरवरी को एक फिल्म के साथ रिलीज़ किया जाएगा।

इस शादी के थीम गीत में 'डांसिंग विद द स्टार्स' और लोपेज के 'डांस की दुनिया' को देखा गया है। यह संगीत वीडियो काफी लेविश है। इस संगीत वीडियो में, जेनिफर लोपेज को अलग-अलग दूल्हों के साथ नृत्य करते हुए देखा जाता है। इस संगीत वीडियो में, जेनिफर लोपेज को कई अलग-अलग ब्राइडल गाउन में भी दिखाया गया है, जो बार-बार शादी करते हुए देखे जाते हैं। 2001 के 'वेडिंग प्लानर' की झलक, 2005 के 'मैरी मी' और 'शॉटगन वेडिंग' के 'मॉन्स्टर इन लॉ' इस नए संगीत वीडियो में दिखाई दी हैं।

जेनिफर लोपेज ने अपने संगीत वीडियो के बारे में बात करते हुए कहा कि उनके पति बेन फ्लेक पूरी तरह से उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, वह मुझे एक कलाकार के रूप में देखता है और वह जानता है कि मैं खुद को व्यक्त करने जा रहा हूं। उन्होंने आगे कहा, वह मेरा सबसे बड़ा प्रशंसक और मेरा सबसे बड़ा समर्थक है।

### भोजपुरी

## राम की भक्ति में खेसारी लाल यादव हुए लीन



**मुंबई।** भोजपुरी निर्माता रोशन सिंह ने कहा है कि रंग दे बसंती हमारी एक महत्वपूर्ण फिल्म है और गाना राम जी की जय हनुमान जी जय बेहद खूबसूरत गाना है। इसकी मेकिंग बिल्कुल सहज तरीके से हुई है। दिलेर मेंहदी की सिंगिंग, खेसारीलाल यादव और डायना खान का धमाकेदार डांस मूव एवं ओम झा की म्यूजिक से बना यह गाना लोगों को खूब पसंद आएगा। इस गाने की सुंदरता को एक अलग ही लेवल पर ले जाता है। उन्होंने कहा कि हम अपने इस गाने को प्रभु श्रीराम की चरणों में समर्पित करते हैं। निर्माता ने यह भी कहा है कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले यह गाना हर लोगों की जुबान पर हो, यही हमारी कामना है। फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ डायना खान मुख्य तौर पर अभिनय करते दिख रहे है। साथ ही रति पांडे, अमिताभ भट्टाचार्य, फेरोज खान, मास्टर ऋषभ यादव, राज प्रेमी, मीर सरवर ,अमित तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैस, ज्योति कलस, संजय महानंद, रीना रानी समेत कई स्टार अपने अभिनय का प्रदर्शन कर रहे है. बॉलीवुड सिंगर दलेर मेहंदी ने अपनी मधुर आवाज से गाने को बखूबी गाया है।

### लाइफ स्टाइल



### टू द प्वाइंट मेकअप

दिव्या कुमार खोसला अपने कातिलाना लुक से हर इवेंट में आग लगा देती हैं। एक रिसेप्शन में दिव्या खोसला काली साड़ी में पहुंची,जिसमें वो बहुत स्टाइलिश दिखीं। उन्होंने साड़ी के साथ यूनिक स्टाइल का ब्लाउज पहना था। साथ ही साड़ी के बॉर्डर पर हुआ वर्क बेहद खूबसूरत लग रहा था। उनका ब्लाउज पीछे से भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा था। बैक लेस स्टाइल का ब्लाउज उनके फिगर को और भी खास तरीके से दिखा रहा था। काली साड़ी के साथ उन्होंने काली चूड़ियां पहनी है। वहीं मेकअप भी टू द प्वाइंट किया है, जिसे देख फैंस उनके दिवाने हो गए। दिव्या अपने आउटफिट से खूबसूरत एक्ट्रेस को टक्कर देती हैं।

## व्यस्त लाइफस्टाइल में दिखना है फ्रेश तो करें स्ट्रेस मैनेजमेंट

**नई दिल्ली।** घर और ऑफिस के कामों में हम अक्सर इतना उलझ जाते हैं कि अपने खुद के लिए हमारे पास वक्त ही नहीं बचता। इतनी व्यस्त लाइफस्टाइल की वजह से, हम अक्सर ही स्ट्रेस का आसान शिकार बन जाते हैं और फेस का फ्रेशनेस भी खो जाता है। स्ट्रेस हमारी फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए काफी नुकसानदेह हो सकता है। दरअसल, तनाव अधिक होने की वजह से हमारे शरीर में कोर्टिसोल की मात्रा बढ़ जाता है, जो सेहत के लिए काफी हानिकारक हो सकता है। इसकी वजह से आपकी प्रोडक्टिविटी भी कम हो सकती है। इसलिए हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि हम स्ट्रेस को कम करें। इसके स्ट्रेस मैनेजमेंट सीखना काफी आवश्यक होता है। कई छोटी-छोटी एक्टिविटीज की मदद से आप तनाव को कम कर सकते हैं। आइए जानते हैं किन तरीकों से स्ट्रेस को मैनेज कर, आप अपनी कार्यक्षमता को बढ़ा सकते हैं।



### करें फिजिकल एक्टिविटी

किसी भी फिजिकल एक्टिविटी को करने के बाद हमारे शरीर में हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं, जिस वजह से हमारी बॉडी और माइंड रिलैक्स होते हैं। ब्रिस्क वॉकिंग, रनिंग, डांसिंग, जैसी एक्टिविटी करना फायदेमंद हो सकता है। इससे तनाव कम करने के साथ-साथ और भी कई फायदे मिल सकते हैं। इसलिए किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी को करना हमारे लिए काफी फायदेमंद हो सकता है।

### अपनी हॉबी के लिए निकालें वक्त

तनाव भरे दिन के बाद अपनी फेवरेट हॉबी के लिए वक्त निकालना, काफी रिलैक्सिंग और रिफ्रेशिंग महसूस हो सकता है। गार्डनिंग, रीडिंग जैसी कोई भी एक्टिविटी, जो आपको पसंद हो, उसके लिए थोड़ा वक्त निकालें।

**गोल्स सेट करें :** अक्सर हम काम के चक्कर में खुद पर अधिक दबाव बनाने लगते हैं, जो स्ट्रेस का कारण बन सकता है। ओवर वर्क करना, कम समय में अधिक काम करने की कोशिश करना, गोल्स सेट न करना आदि, की वजह से भी आप स्ट्रेस्ड महसूस कर सकते हैं। इसलिए अपने काम के लिए गोल्स सेट करें। इससे आपके गोल्स क्लीयर रहेंगे और आप काफी रिलैक्स भी महसूस करेंगे।

**अपने परिवार या दोस्तों के साथ समय बिताएं :** अपने परिवार के सदस्यों और अपने दोस्तों के साथ बिताना आपको रिलैक्स महसूस करवाने में मदद कर सकता है। इसलिए जरूरी है कि आप अपना थोड़ा समय अपने दोस्तों के साथ बिताएं। आप चाहें, तो अपनी परेशानियों के बारे में भी इनसे बात कर सकते हैं। इससे उन्हें भी काफी बेहतर महसूस होगा।

**नींद पूरी करें :** काम या अन्य किसी भी कारण से कम मात्रा में नींद लेना आपकी सेहत के लिए काफी नुकसानदेह हो सकता है। नींद पूरी न होने की वजह से भी स्ट्रेस हार्मोन बढ़ने लगता है, जो आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए रोज भरपूर मात्रा में नींद लें।

## ठंड में रिच और लग्जरी लुक के लिए वियर करें शॉल



फैशन

**नई दिल्ली।** सर्दियों में शॉल का इस्तेमाल काफी ज्यादा किया जाता है। शॉल आपको गर्म रखने के साथ ही आपको स्टाइलिश लुक भी देती है। शॉल को आप कई अलग-अलग तरीकों से कैरी कर सकती हैं। इसे आप सिंपल तरह से अपने एक कंधे में भी रख सकती हैं या फिर गले पर लपेट भी सकती हैं। ऐसे में हर किसी की अलमारी में शॉल का होना काफी जरूरी माना जाता है। आज हम आपको 5 अलग-अलग तरह की शॉल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके पास होनी जरूरी हैं और इससे आपका पूरा लुक ही बदल जाएगा।

**क्लासिक पश्मीना शॉल :** आपकी अलमारी में एक पश्मीना शॉल तो जरूर होनी चाहिए। इस शॉल को बनाने के लिए जिस ऊन की जरूरत होती है उसे कश्मीर की एक खास प्रजाति की पहाड़ी बकरी से निकाला जाता है, जिसे च्यांगरा या च्यांगरी कहा जाता है। यह शॉल अपना सॉफ्टनेस, गर्माहट और लक्जरी फील के लिए काफी फेमस है। पशमीना शॉल अक्सर न्यूट्रल कलर में ही मिलती है, जिसे आप किसी भी आउटफिट के साथ पेयर कर सकती हैं। इसका फैशन कभी भी कम नहीं होता है। ऐसे में इसे आप हमेशा किसी ना किसी आउटफिट के साथ सर्दियों में कैरी कर सकती हैं।



**कोजी वूलन शॉल :** सर्दियों की ठंड से बचने के लिए आपके पास एक वूलन शॉल का होना जरूरी होता है। इस तरह की शॉल आपको अलग-अलग पैटर्न में मिल जाती हैं और आप मौसम के हिसाब से इसकी मोटाई तय कर सकती हैं कि आपको पतले ऊन में चाहिए या मोटे ऊन में। इन ऊनी शॉल को आप जींस, स्वेटर या फॉर्मल आउटफिट्स के साथ भी पेयर कर सकती हैं। यह काफी आरामदायक और स्टाइलिश नजर आती हैं।

**कढ़ाई की हुई रेशमी शॉल :** अगर आप अपने आउटफिट को लक्जरी टच देना चाहती हैं तो कढ़ाई किए हुए रेशमी शॉल को भी अपनी अलमारी में शामिल करें। सिल्क की शॉल स्पेशल मौके और फॉर्मल पार्टीज के लिए परफेक्ट मानी जाती हैं। सिल्क की शॉल में आपको कई तरह के डिजाइन देखने को मिलते हैं। इसका वजन काफी कम होता है। ऐसे में जरूरी है कि एलिगेंट लुक के लिए आप कम कढ़ाई वाली सिल्क शॉल को चुनें।

**बोहेमियन झालरदार शॉल :** कैजुअल लुक के लिए इस तरह की शॉल काफी अच्छी रहती हैं। बोहेमियन शॉल को आप डेनिम, टी शर्ट और मैक्सी ड्रेस के साथ पेयर कर सकती हैं। वॉर्डरोब में वेलवेट शॉल को भी जरूर शामिल करें। वेलवेट का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है। यह आपको गर्म रखने में तो मदद करती ही है साथ ही रिच और लग्जरी लुक भी देती है। इसे आप फॉर्मल मौकों पर या किसी शादी पार्टी में पहन सकती हैं। वेलवेट शॉल को आप गाउन, लहंगा या साड़ी के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

## मेधा जैसे हैवी ईयररिंग्स पहनकर हो जाएं रेडी, दिखेंगी अट्रैक्टिव

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मेधा शंकर ब्यूटीफुल ईयररिंग में बेहद अट्रैक्टिव नजर आ रही हैं। पार्टी में अगर आप कम मेकअप में फैशनेबल दिखना चाहती हैं तो मेधा शंकर की तरह ही हैवी ईयररिंग्स को पहन सकती हैं। जो ना केवल आपको स्टाइलिश दिखाएगा बल्कि कम समय में रेडी भी हो जाएंगी।

**पहनें हैवी झुमके :** वैसे तो लगभग हर लड़की के पास झुमकों का खास कलेक्शन होता ही है। लेकिन आप चाहें तो मेधा शंकर की तरह मिनिमम मेकअप और माथे पर छोटी सी बिंदी के साथ हैवी ईयररिंग्स को ट्राई कर सकती हैं। लंबे और ओवल शेप फेस पर हैवी झुमके खूबसूरत दिखते हैं। साथ में इन झुमकों को हाई लाइट करने के लिए बालों को बांधना ना भूलें।

**ऑक्सीडाइज झुमके हैं सदाबहार :** अगर आप हमेशा सिल्वर-गोल्डन झुमके ही पहनती हैं तो इस बार ऑक्सीडाइज झुमके खरीदें। सबसे खास बात कि ये पेस्टल कलर के कपड़ों के साथ बखूबी मैच कर जाते हैं। साथ में आप चाहें तो मांग टीका और नेकपीस से भी मेधा शंकर की तरह लुक को खास बना सकती हैं।



### टैंपल डिजाइन के झुमके

चिकनकारी वर्क वाली पीली साड़ी के साथ मेधा शंकर के ये टेंपल डिजाइन झुमके अट्रैक्टिव दिख रहे हैं। इस लुक को क्रिएट करना काफी आसान है। लेकिन ये आपकी नेचुरल ब्यूटी को भी बढ़ाएगा। तो इस लोहड़ी हैवी मेकअप और ज्वैलरी को छोड़कर ऐसे टेंपल डिजाइन के झुमके कैरी करें और साथ में आंखों पर मिनिमम मेकअप अप्लाई करें। ये लुक आपको खूबसूरत दिखाने में मदद करेगा।

## सर्दियों में ये कुर्ता पहनकर दिखेंगी स्टाइलिश, इन टिप्स को करें फॉलो

**नई दिल्ली।** कुर्ता सबसे ज्यादा कंफर्ट वियर में गिना जाता है। लेकिन सर्दियों में कुर्ते को स्टाइल करना सबसे मुश्किल लगता है। इसकी वजह से लड़कियां इसे पहनना कम पसंद करती हैं। यहां तक कि डेली वियर में भी कुर्ते को इग्नोर कर देती हैं। कुर्ता पहनना पसंद है लेकिन इसे सही तरीके से स्टाइल नहीं कर पाती हैं तो इन टिप्स को फॉलो करें।

**कुर्ते को हील वाले फुटवियर के साथ मैच करें:** अगर आप सोच रही हैं कि बूट या हील्स वाले लोफर्स केवल जींस के साथ स्टाइलिश लगते हैं। तो इस बार अपने ढीले-ढाले वुलेन कुर्ते के साथ बूट को पेयर करें। या फिर साथ में हील वाले लोफर्स पहनें। ये आपके पैर को ठंड से भी बचाएंगे और आपका पूरा लुक स्टाइलिश भी दिखेगा।

**ना पहनें शार्ट लेंथ जैकेट-स्वेटर :** ठंड में कुर्ते के साथ शार्ट लेंथ स्वेटर या जैकेट को बिल्कुल ना पेयर करें। शार्ट लेंथ के स्वेटर या जैकेट कुर्ते के साथ परफेक्ट तरीके से मैच नहीं करते। इसलिए लुक कम अच्छा लगता है।

**शॉल दिखेगी खूबसूरत :** वूलेन कुर्ता पहन रही हैं तो साथ में हैवी शॉल को कैरी करें। ये एलिगेंट और ब्यूटीफुल लुक देगा। ठंड से बचने के लिए आप चाहें तो इनरवियर वूलेन कैरी करें। साथ में शॉल लुक को कंप्लीट करती है। साथ ही ध्यान रखें कि हील्स वाले फुटवियर ही पेयर करें। तभी खूबसूरत लुक मिलेगा।



**पहने लांग स्वेटर या जैकेट :** अगर आपको ठंड में कुर्ते के साथ लेयरिंग करनी है तो लांग नी लेंथ जैकेट या स्वेटर को पेयर करें। इससे कुर्ता का लुक परफेक्ट दिखें।

कार्नर न्यूज

### मोजों की ढीली इलास्टिक का सामने वाले पर कितना खराब असर पड़ सकता है

## मोजे का रखेंगे ध्यान तो वो चलेंगे ज्यादा, नहीं होंगे कभी ढीले, जानिए कुछ पते की बातें

**नई दिल्ली।** मोजे ड्रेसिंग का ऐसा हिस्सा है, जो अक्सर इग्नोर ही रहते हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में इसके पैटर्न और लुक को लेकर खूब प्रयोग हुए हैं। लेकिन फिर भी मोजों को लेकर अभी भी पुरुषों के बीच पसंद-नापसंद तय ही नहीं होती है। कह सकते हैं वो इस बारे में ज्यादा सोचते ही नहीं हैं।

याद रखिए ये मोजे ऐसे समय पर धोखा देते हैं, जब आपको अपने लुक के लिए बहुत परफेक्ट होना होता है। ये समय आपके इंटरव्यू का भी हो सकता है और गर्लफ्रेंड से पहली मीटिंग का भी।

सोचिए, इस वक्त आपके मोजों की ढीली इलास्टिक का सामने वाले पर कितना खराब असर पड़ सकता है। वो इस बात को आपकी लाइफस्टाइल और इग्नोरेंस से जोड़ सकते हैं। इस तरह से आपकी इमेज भी खराब हो जाएगी।



### अच्छी क्वालिटी है पहला नियम

ये बात तो आप भी समझते होंगे कि अच्छी क्वालिटी की हर चीज लंबे समय तक चलती है। मोजों के साथ भी यही होता है। इनको आप जितनी अच्छी क्वालिटी का लेंगे, ये उतना ही देर से ढीले होंगे या इनकी इलास्टिक भी देर से कमजोर होगी। दरअसल खराब क्वालिटी के मोजों में अक्सर सिर्फ 1 या दो बैंड की इलास्टिक ही होती है। जो बहुत हल्दी ढीली हो जाती है या फिर टूट जाती है।

### इलास्टिक ठीक कीजिए खुद

मोजों की इलास्टिक खराब होने के बाद भी इन्हें कौन पहनता है? आप यही सोच रहे होंगे लेकिन इन्हें अगर ठीक किया जा सकते तो? तब ये दोबारा नए जैसे हो जाएं। सबसे पहले तो आप इलास्टिक बैंड का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये बैंड बहुत टाइट नहीं होने चाहिए। इनको मोजों के ऊपर चढ़ा कर आपको आराम महसूस होना चाहिए। तब ही इन्हें पहनें। अगर ये सख्त होने तो ब्लड सर्कुलेशन रुक जाएगा। इसके अलावा आप इलास्टिक को मोजों में सिल भी सकते हैं, ये एक तरह से परमानेंट तरीका है।

### सही फिटिंग

मोजा अगर सही तरह से फिट नहीं है तो समझ लीजिए कि इसको लेना बेकार है। दरअसल मोजा ज्यादा ढीला होगा तो स्किन से रगड़ होगी, जिससे इसको नुकसान होगा। वहीं ये टाइट होगा तो स्किन पर निशान छोड़ देगा। इसलिए इसकी फिटिंग अच्छे से देख लें।



### जब मोजे हो जाएं ढीले

मोजे अगर ढीले हो जाएं तो महंगे से महंगे होने के बाद भी बेकार ही लगते हैं। लेकिन कुछ खास टिप्स के साथ मोजों को सैगिंग यानी ढीले होने से रोका जा सकता है। कैसे होगा ये जानते हैं।

**जैसे मोजे वैसा इस्तेमाल :** शायद आपको पता न हो लेकिन तहर-तरह के मोजों की अपनी अलग जरूरत होती है। मगर आप जब उन्हें उन जरूरतों के हिसाब से नहीं पहनते हैं तो फिर इनकी लाइफ कम होने लगती है। जैसे आप फॉर्मल शूज के साथ मिड काफ मोजे पहन रहे हैं तो गलत कर रहे हैं। ये मोजे नए होंगे तब तक सही जगह पर रहेंगे लेकिन पुराने होते ही इनकी इलास्टिक ढीली होने लगेगी।

### मोजे के प्रकार

**नो शो मोजे:** ये वो मोजे होते हैं, जो दिखते ही नहीं हैं। इनको अक्सर लो कट शूज के साथ पहने जाते हैं। जैसे लोफर्स, बोट शूज, स्नीकर्स वगैरह।

**एंक्ल लेंथ :** इनसे आपके एंकल कवर होते हैं। ये भी लो कट जूतों के साथ अच्छे से मैच हो जाते हैं।

**क्वाटर-लेंथ :** ये एंकल से लंबे होते हैं लेकिम मिड काफ से नीचे ही रहते हैं। ये मिड या हाई टॉप शूज के साथ बेहतरीन लगते हैं।

**क्रू-लेंथ :** ये मोजे 6 से 8 इंच लंबे होते हैं ये एथलेटिक ड्रेस और शूज के साथ सही रहते हैं।

**मिड-काफ :** काफ मसल तक जाने वाले इन मोजों को फॉर्मल लुक में शामिल किया जा सकता है।

**काफ-लेंथ :** इनको नी लेंथभी कहते हैं। ये बस घुटनों से थोड़ा नीचे होते हैं। इन्हें कैजुअल अरु फॉर्मल कपड़ों के साथ पहना जाता है।